


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 277 | ग्वालियर, मंगलवार 10 नवम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज़ ट्रैक



### ड्रग्स केसः अर्जुन के घर से मिली बैन दवाइयां एक्टर की लिव इन पार्टनर से भी होगी पूछताछ

बॉलीवुड के ड्रग कनेक्शन केस में अभिनेता अर्जुन रामपाल के घर पर एनसीबी ने रेड की थी. अब उन्हें पूछताछ के लिए एनसीबी ने अपने दफ्तर बुलाया है. एनसीबी ने 11 नवम्बर को अर्जुन रामपाल को दफ्तर में हाजिर होने के लिए समन भेजा है. मुंबई । बॉलीवुड के ड्रग कनेक्शन केस में अभिनेता अर्जुन रामपाल के घर पर एनसीबी ने रेड छापेमारी की है. रामपाल के मुंबई के बांद्रा स्थित घर पर एनसीबी के अफसर रेड मारने पहुंचे हैं. आज सुबह अर्जुन रामपाल के घर एनसीबी अफसर पहुंचे थे. बताया जा रहा है कि रामपाल के घर एनसीबी ड्रग्स की तलाश कर रही है उन्हें इसकी सूचना सूत्रों से मिली है. 11 नवम्बर को अर्जुन रामपाल को एनसीबी ने अपने मुंबई स्थित दफ्तर में हाजिर होने के लिए समन भेजा है. अर्जुन रामपाल के घर से कुछ डिजिटल डिवाइस सीज किया है, जिसकी जांच एनसीबी करेगी. साथ ही अर्जुन रामपाल की लिव-इन पार्टनर गैब्रिएला को भी एनसीबी ने समन किया है. एनसीबी के टॉप अफसर के मुताबिक रामपाल के घर से बैन मेडिसिन बरामद हुआ जो एक्ट में आता है. इसके चलते अब उनकी पार्टनर से भी पूछताछ होनी है. मालूम हो कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बॉलीवुड का ड्रग कनेक्शन सामने निकलकर आया था. इसके बाद एनसीबी ने फिल्म इंडस्ट्री के ड्रग्स से जुड़ने की बात को परत-दर-परत खोलना शुरू किया.

### दिवाली-धनतेरस पर सरकार बेच रही है सस्ता सोना



**दिल्ली।** अगर आप दिवाली या धनतेरस के शुभ मौके पर सोना खरीदना चाहते हैं. लेकिन ज्वेलरी के तौर पर नहीं खरीदना चाहते हैं तो केंद्र सरकार की इस खास योजना में निवेश कर सकते हैं. दरअसल आप अगर फिजिकली गोल्ड नहीं खरीदना चाहते हैं तो सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में निवेश कर सकते हैं. इसके कई फायदे हैं. दरअसल फेस्टिव सीजन में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की शुरुआत आज से हो गई है. वित्त वर्ष 2020-21 के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की यह आठवीं सब्सक्रिप्शन सीरीज है. अगर आप गोल्ड बॉन्ड में निवेश करना चाहते हैं तो 13 नवंबर तक मौका है. यानी आप 9 नवंबर से 13 नवंबर तक इस योजना में निवेश कर सकते हैं. इस बार आरबीआई ने सोने की इश्यू प्राइस 5177 रुपये प्रति ग्राम तय की है. रिजर्व बैंक के मुताबिक ऑनलाइन आवेदन करने वाले निवेशकों के लिए प्रति ग्राम पर 50 रुपये की छूट मिलेगी. यानी एक ग्राम सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए 5,127 रुपये भुगतान करना होगा. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना 2020-21 की सातवीं सीरीज के तहत पिछले महीने 12 से 16 अक्टूबर के बीच ओपन हुआ था, तब एक ग्राम गोल्ड बॉन्ड का दाम ने 5,051 रुपये निर्धारित किया था.

### नौकरियां नहीं तो हथियार ही उठाएंगे युवा, क्यों बोलीं महबूबा मुफ्ती ?

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर के दहशतगर्दों के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने विवादित बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि नौकरी नहीं रहेगी तो लोग हथियार उठाएंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू के हालात कश्मीर से भी बुरे हैं. जम्मू-कश्मीर वासियो की जमीन बीजेपी बेचना चाहती है. उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू और कश्मीर में बाहरी प्रदेशों के लोगों को नौकरियां मिल रही हैं. महबूबा मुफ्ती ने यह भी कहा कि राज्यों की हितों की रक्षा के लिए ही अनुच्छेद 370 लागू किया गया था, इसे खत्म करके संविधान को खारिज किया गया है. देखिए नॉनस्टॉप 100, सईद अंसारी के साथ.

### नेपाल से बेहतर रिश्ते को भारत ने उठाया बड़ा कदम

# 26 नवंबर को काठमांडू जाएंगे विदेश सचिव

**नई दिल्ली।** कई महीनों तक तनाव और विवाद के बाद आखिकरकार भारत-नेपाल के बीच रिश्ते पटरी पर लौटते नजर आ रहे हैं। दोनों देशों के बीच आधिकारिक बातचीत के लिए भारत के विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला 26 नवंबर को काठमांडू जाएंगे। इसे संकेत माना जा रहा है कि नई दिल्ली द्वीपक्षीय रिश्तों में सुधार के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को तैयार है। विदेश सचिव को नेपाल भेजने का यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब हाल ही में सेना अध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे को नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि दी गई है। जनरल नरवणे ने पीएम केपी शर्मा ओली से मुलाकात की थी। इस दौरान पीएम ने कहा था कि दोनों देश बातचीत के जरिए सभी मुद्दों को सुलझा सकते हैं। दोनों का रिश्ता सदियों पुराना और खास है। जनरल नरवणे के दौरे को लेकर केपी शर्मा ओली को कैबिनेट के भीतर ही विरोध का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने उपप्रधानमंत्री ईश्वर पोखरेल से रक्षा मंत्रालय का प्रभार लेकर



उन्हें शांत कर दिया। जनरल नरवणे का दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना गया क्योंकि उत्तराखंड में एक सड़क निर्माण के विरोध को लेकर उन्होंने नेपाल पर टिप्पणी की थी। मई में उन्होंने कहा था कि नेपाल ने किसी और के कहने पर यह मुद्दा उठाया है। माना गया कि उनका इशारा चीन की ओर था। ओली और नरवणे के बीच मुलाकात और चर्चा से वाकिफ लोगों के मुताबिक, केपी शर्मा ओली ने नेपाल के राजनीतिक नक्शे से उपजे विवाद का जिक्र भी किया और उन्होंने इसे गलतफ़हमी का मामला बताया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है। माना जा रहा है कि ओली ने इसके जरिए नए राजनीतिक नक्शे पर अपना पक्ष रखने की कोशिश की है। दो दिवसीय दौरे पर श्रृंगला अपने समकक्ष भरत राज पौडयाल और विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ज्ञावली से से मुलाकात करेंगे। वह राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से भी मुलाकात करेंगे।

## पूरे देश में घट रहा, दिल्ली में क्यों बढ़ रहा कोरोना का खतरा ?



**नई दिल्ली।** पूरे देश में कोरोना के मामले तेजी से नीचे जा रहे हैं. वहीं, दिल्ली में कोरोना के नए मामले रोज रिकॉर्ड बना रहे हैं. दिल्ली सरकार के मुताबिक राजधानी में कोरोना वायरस की तीसरी लहर चल रही है. रोजाना 7 हजार से ज्यादा नए केस सामने आ रहे हैं. बढ़ते वायु प्रदूषण और कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण दिल्ली के अस्पतालों पर बोझ भी बढ़ गया है. अस्पतालों में खाली बिस्तरों की संख्या तेजी से कम हो रही है और बाह्य रोग विभागों (ओपीडी) में लोगों की संख्या बढ़ रही है. दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या बढ़ने के साथ ही निजी अस्पतालों और केन्द्र सरकार के संस्थानों में वेंटिलेटर के साथ आईसीयू बिस्तर भर रहे हैं. हालांकि, दिल्ली सरकार का कहना है कि जल्द ही मामलों में कमी आनी शुरू हो जाएगी. मामलों में उछाल के बारे में पूछे जाने पर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली में 23 जून के आसपास पहली लहर आई, 17 सितंबर के आसपास दूसरी लहर आई और अब यह कोविड-19 संक्रमण की तीसरी लहर है, और मामले जल्द ही कम होने शुरू हो जाएंगे क्योंकि पिछले 5 से 6 दिनों से मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है.

### दिल्ली में क्यों बढ़ रहे कोरोना मामले ?

विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति भी बिगड़ रही है, सार्वजनिक स्थानों विशेषकर भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे बाजारों और दुकानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ रही है और सुरक्षा मानदंडों का पालन करने में लापरवाही के कारण कोरोना के मामलों में उछाल आया है. एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया का भी मानना है कि अस्पतालों की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में बिस्तर तेजी से भर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मामलों में वृद्धि होने से अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक गुलेरिया ने कहा कि वायु प्रदूषण और श्वसन संबंधी समस्याओं के कारण आपात स्थिति में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है. दिल्ली पर यह दोहरी मार है.



## भोपाल में मिट्टी खदान धंसने से चार बच्चों की मौत, 2 घायल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पास बरखेड़ी गांव में मिट्टी की खदान धंसने से 4 बच्चों की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि गांव के 7 बच्चे मिट्टी खोदने गए थे, जिसमें से 6 दब गए थे. बच्चों की उम्र 5 से 12 साल तक बताई गई है. सभी घायलों को हमीदिया अस्पताल भेज दिया गया है. स्थानीय पुलिस के मुताबिक, बरखेड़ी में कुछ बच्चे सोमवार सुबह एक मिट्टी खदान में पहुंचकर खुदाई कर रहे थे. इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे अचानक खदान के किनारे की मिट्टी धंस गई, जिसमें छह बच्चे दब गए. यह देखकर बाकी बच्चे घबरा गए और उन्होंने तुरंत दौड़कर अपने घरवालों को हादसे की सूचना दी. हादसे की खबर सुनकर गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे. मिट्टी हटाते हुए बच्चों को बाहर निकला गया और उन्हें तुरंत एंबुलेस के जरिए हमीदिया अस्पताल भिजवाया गया, जिनमें से चार बच्चों ने रास्ते में दम तोड़ दिया. बाकी दोनों बच्चों का फलिहाल हमीदिया में इलाज चल रहा है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने चार मासूमों के निधन पर गहन दुख और संवेदना प्रकट की.

### नवजात को बांस के पेड़ों के बीच फेंका

## ग्रामीणों ने बचाई जान बच्ची स्वस्थ



**छपरा।** बिहार के छपरा में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. कोई बेरहम सरदारगंज गांव में बांस के पेड़ों के बीच एक नवजात बच्ची को फेंककर चला गया. जब राहगीरों ने बच्ची की रोने की आवाज को सुना, तो उसे वहां से उठा लिया. गांव की आशा कार्यकर्ता ने नवजात को अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया. मशरक थाना क्षेत्र के विशुनपुरा सरदारगंज गांव में सोमवार की सुबह नवजात बच्ची बांस के पेड़ों के बीच मिली. उसके रोने की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने नवजात को वहां से उठा लिया. गांव की आशा कार्यकर्ता रिंकू देवी ने बच्ची को अपनी सुरक्षा में लेकर पीएचसी मशरक में भर्ती कराया है. डॉ. रिजवान अहमद ने जांच के बाद बताया कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है. फेंकने की वजह से उसको चोट लगी हैं. प्राथमिक उपचार के बाद इस बच्ची को चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता अखिलेंद्र सिंह के सुपुर्द कर दिया गया. वहीं घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई है.

### बिहार चुनावः ट्रंप राष्ट्राध्यक्ष पद के लायक नहीं.. अमेरिका के बहाने बीजेपी पर शिवसेना का हमला

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव और अमेरिका चुनाव के नतीजे तकरीबन एक ही समय पर आ रहे हैं. हालांकि अमेरिका में डेमोक्रेटिक नेता जो बाइडेन जीत दर्ज कर चुके हैं, जबकि बिहार में मंगलवार को नतीजे आने हैं. चुनावी नतीजों से पहले ज्यादातर एग्जिट पोल में महागठबंधन की सरकार बनती दिख रही है. ऐसे में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) विरोधियों को निशाना साधने का एक मौका मिल गया है. शिवसेना के मुखपत्र सामना ने अपने संपादकीय में बिहार चुनाव और अमेरिका चुनाव को जोड़ते हुए एक लेख प्रकाशित किया है. लेख में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की हार के बहाने बीजेपी कर करारा प्रहार किया गया है. तेजस्वी और बाइडन अटल सत्तांतर. सामना लिखता है अमेरिका में सत्ता बदल चुकी है. बिहार में सत्तांतर आखिरी पायदान पर है. अमेरिका में प्रेसिडेंट ट्रंप महाशय ने भले ही कितना भी तांडव मचाया हो, फिर भी डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन धमाकेदार वोटों की बढ़ोत्तरी के साथ राष्ट्राध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए हैं. उसी समय हिंदुस्तान के बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट रूप से हार होती दिख रही है. हमारे सिवाय देश और राज्य में कोई विकल्प नहीं है, इस भ्रम से नेताओं को निकालने का काम लोगों को ही करना पड़ता है. सामना ने ट्रंप पर हमलावर अंदाज में लिखा प्रेसिडेंट ट्रंप राष्ट्राध्यक्ष पद के लायक कभी नहीं थे. अमेरिका की जनता उनकी वानरचेष्टा और लफ्फाजी के फरेब में आ गई लेकिन उसी ट्रंप के बारे में की गई गलती को अमेरिकी जनता ने सिर्फ 4 सालों में सुधार दिया. इसके लिए वहां की जनता का जितना अभिनंदन किया जाए, उतना कम है. ट्रंप ने सत्ता में आने के लिए लफ्फाजियों की बरसात कर डाली. वे एक भी आश्वासन और वचन पूरा नहीं कर पाए. अमेरिका में बेरोजगारी महामारी कोरोना से भी कहीं ज्यादा है. लेकिन उसका रास्ता खोजने की बजाय ट्रंप फालतू के मजाक, वानरचेष्टाओं तथा राजनीतिक लफंगेगिरी को ही महत्व देते रहे.

## कीर्ति आजाद बोले- महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस का होगा अहम रोल

दरभंगा स्थित अपने आवास से पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद ने तेजस्वी यादव को जन्मदिवस की बधाई दी. इस दौरान उन्होंने कहा कि तेजस्वी को उनके जन्मदिवस का तोहता मुख्यमंत्री के रूप में मिलने जा रहा है. बिहार में तेजस्वी, नीतीश कुमार और पीएम मोदी की रैलियों से पहले ही पता चल गया था कि वर्तमान सरकार से लोग परेशान थे.



**दरभंगा।** बिहार चुनाव 2020 के परिणाम आने से पहले ही महागठबंधन के नेताओं में खुशी की लहर दिखाई दे रही है. कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद ने एग्जिट पोल के रुझान को देखते हुए अपनी खुशी का इजहार किया. उन्होंने तेजस्वी यादव को जन्मदिवस की बधाई दी, साथ ही कहा कि बिहार में बनने जा रही महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस का अहम रोल होगा. दरभंगा स्थित अपने आवास से पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद ने तेजस्वी यादव को जन्मदिवस की बधाई दी. इस दौरान उन्होंने कहा कि तेजस्वी को उनके जन्मदिवस का तोहफा मुख्यमंत्री के रूप में मिलने जा रहा है. बिहार में तेजस्वी, नीतीश कुमार और पीएम मोदी की रैलियों से पहले ही पता चल गया था कि वर्तमान सरकार से लोग परेशान थे. तेजस्वी की सभा में उमड़ने वाली भीड़ ने बिहार का चुनाव परिणाम पहले ही घोषित कर दिया था. कीर्ति आजाद ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय पर पर हमला किया. उन्होंने कहा कि कहा जा रहा था कि महागठबंधन की सरकार बनेगी, तो बिहार में आतंकवादी आ जायेंगे. अब आतंकवादी आने के बारे में इन्हें पता चलता है, तो उन्हें पकड़ें, लेकिन सेना को बदनाम न करें. रोज आतंकी हमले हो रहे हैं. विगत दिवस भी हमारी सेना ने चार आतंकवादियों को मार गिराया. सेना अपना काम बखूबी कर रही है, लेकिन ये लोग बिना सिर पैर की बात करते हैं. नीतीश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि 15 साल से सत्ता में हैं. बिहार के लिए कुछ भी काम नहीं हुआ. शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है. बेरोजगारी इस कदर बढ़ी है कि यहां के लोग पलायन कर रहे हैं. नीतीश के रहते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा तक नहीं मिल सका. उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने जो वादा किया, उन्हें पूरा करेंगे. सभी तरह की बंद मिलों को शुरू कराने का काम किया जायेगा.

### नवजात को बांस के पेड़ों के बीच फेंका ग्रामीणों ने बचाई जान बच्ची स्वस्थ


**छपरा।** बिहार के छपरा में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. कोई बेरहम सरदारगंज गांव में बांस के पेड़ों के बीच एक नवजात बच्ची को फेंककर चला गया. जब राहगीरों ने बच्ची की रोने की आवाज को सुना, तो उसे वहां से उठा लिया. गांव की आशा कार्यकर्ता ने नवजात को अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया. मशरक थाना क्षेत्र के विशुनपुरा सरदारगंज गांव में सोमवार की सुबह नवजात बच्ची बांस के पेड़ों के बीच मिली. उसके रोने की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने नवजात को वहां से उठा लिया. गांव की आशा कार्यकर्ता रिंकू देवी ने बच्ची को अपनी सुरक्षा में लेकर पीएचसी मशरक में भर्ती कराया है. डॉ. रिजवान अहमद ने जांच के बाद बताया कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है. फेंकने की वजह से उसको चोट लगी हैं. प्राथमिक उपचार के बाद इस बच्ची को चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता अखिलेंद्र सिंह के सुपुर्द कर दिया गया. वहीं घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई है.



ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


### बंगाल में चुनावी सुगबुगाहट

# चुनाव आयोग ने बुलाई राज्य में सर्वदलीय बैठक

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद अब अगले साल पश्चिम बंगाल के होने वाले चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है. राजनीतिक दलों ने सूबे में चुनावी अभियान की शुरूआत पहले ही कर दी है और अब चुनाव आयोग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है.

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें पश्चिम बंगाल चुनाव पर राजनीतिक दलों के साथ चर्चा होगी. चुनाव आयोग अब धीरे-धीरे अपना ध्यान पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ा रहा है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है. कोरोना काल में बिहार में जिस तरह से निर्वाचन आयोग ने चुनाव कराया है, उसी मॉडल के आधार पर पश्चिम बंगाल में भी चुनाव कराए जाने की संभावना है.

सर्वदलीय बैठक के दूसरे दिन दिल्ली से चुनाव आयोग के प्रतिनिधि 10 नवंबर को जिला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक भी करेंगे. बता दें कि 2011 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने तीन दशक से पश्चिम बंगाल




की सत्ता में काबिज लेफ्ट का सफाया कर दिया था. इसके बाद से ममता बनर्जी सत्ता पर काबिज हैं और तीसरी बार राज्य की मुख्यमंत्री बनने की कवायद में हैं. ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चिंता बीजेपी बन गई है, जो मुख्य विपक्ष दल के तौर पर अपनी जगह राज्य में बना चुकी है. बीजेपी 2019 के लोकसभा चुनाव में सफलता मिलने के बाद से बंगाल मिशन पर जुटी हुई है. राज्य में लेफ्ट और कांग्रेस को पीछे छोड़कर बीजेपी अब निर्विवाद रूप से नंबर दो की पार्टी बन चुकी है. वहीं, अब बीजेपी की नजर राज्य में नंबर वन पार्टी बनने पर है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल दौरे से अपने चुनावी अभियान का आगाज भी पिछले सप्ताह कर दिया. बंगाल की सत्ता पर लंबे समय तक काबिज रहे लेफ्ट और कांग्रेस के सामने अपने वजूद को बचाए रखने की चुनौती है. ऐसे में कांग्रेस और वामपंथी दलों ने इस बार के चुनाव में गठबंधन कर मैदान में उतरने का फैसला किया है. सीपीएम की सेंट्रल कमेटी की बैठक में इस बात की मुहर भी लग चुकी है. सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने खुद ही ऐलान किया था. बंगाल में कांग्रेस, तमिलनाडु में डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल रहेगी जबकि असम में बीजेपी की मौजूदा सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस समेत सभी धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ सीपीएम मिलकर चुनाव लड़ेगी.

## एक नजर...

### सुमित हुये सरदार पटेल साहित्य एकता सम्मान 2020 से सम्मानित



मीन साहित्य संस्कृति मंच व मीन की बहार आपके द्वार मंच बहादुरगढ़ झज्जर हरियाणा ने 31/10/2020 को राष्ट्रीय एकता दिवस /लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस पर (श्ठ्ठ्यद्बठ्ठद्)कवि सम्मेलन करवा कर सरदार पटेल को काव्यांजलि अर्पित की। इस कवि सम्मेलन में गद्य-पद्य दोनों प्रकार की रचनाएं आमंत्रित थीं। रचनाकारों/साहित्यकारों ने इस कवि सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रचनाकार देश के विभिन्न प्रांतों से थे और सभी ने अपने-अपने रूप में अपने भावों में रचना पिरोकर देश के इस महान सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कवि सम्मेलन में लगभग 35 रचनाकारों ने हिस्सा लिया।जिसमें वरिष्ठ रचनाकारों के साथ-साथ युवा कवि भी सम्मिलित थे। कवि सम्मेलन मां शारदे की वंदना से आरंभ हुआ। उसके बाद अध्यक्ष हरीश चंद्र त्रिपाठी जी के संचालन के साथ काव्य पाठ शुरू हुआ।कवियों के काव्य पाठ के बाद सभी कवियों/रचनाकारों को संस्थापिका डॉ0 मीना कुमारी सोलंकी जी और अध्यक्ष हरीश चंद्र त्रिपाठी जी ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।अंत में सचिव पवन वर्मा जी ने इस कवि सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए सभी रचनाकारों का और मंच से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद किया। यही इस मंच की सुंदरता है और विविधता है कि इस मंच में जहां इतने बड़े रचनाकार मंच को आशीर्वाद दे रहे हैं वहीं युवा कवि मंच को शक्ति दे रहे हैं। इन सब युवा कलमकारो में से एक नाम कलकत्ता निवासी सुमित रंजन दास का भी था जो नाम बीते कुछ वर्षों से साहित्यिक गलियारों में खासा सुनने को मिलता है। सुमित मूल रूप? से बिहार राज्य के दरभंगा जिला बिरौल? खण्ड के कहुआ नामक गाँव से है पर उन्होंने प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा दीक्षा पश्चिम बंगाल के कलकत्ता शहर से की है। तीन साल पहले गूगल प्लेस्टोर के एक राइडिंग एप योरकोट से लिखने की शुरुआत करने वाले आज अनेक साहित्यिक संस्था से ढेरो सम्मान प्राप्त कर चुके है एवं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में अपनी एक अलग पहचान बना रहे है। देश के अलग अलग राज्यों के अब तक 50 से ज्यादा छोटे बड़े अखबारों में 150 से अधिक रचनाएँ प्रकाशित करवा चुके सुमित की रचना अमेरिका , आस्ट्रेलिया एवं कैनेडा (टोरोंटो) के अखबारों में भी जगह बना चुकी है। लिखने के अलावा वे अपने स्टैंड अप कॉमेडी का जौहर से श्रोतागण को खूब हँसा चुके है साथ ही साथ दी अनहर्ड वाइसेंसे सीजन 8 ,कलकत्ता एवं दी लोकल एलियट ,जमशेदपुर के स्टैंड अप कॉमेडी कैटैगरी में प्रथम पुरस्कार भी जीत चुके है। इस सम्मान? के मिलने से साहित्यिक मित्रों में खुशी की लहर एवं सभी ने सुमित की उज्वल भविष्य की कामना की है।

### राजमंगल पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर तंगधुरई और गुरुमूर्ति स्वरूप शॉल और मिठाई भेंट की



**नारायणलाल सैणचा**

**चैन्नई।** गत चार दिन पहले चैन्नई के कोल्लतुर इलाके में ज्वेलर्स व्यापारी भगवान राम रामदेव पौन ब्रोकर्स की दुकानों से यहाँ की क्षेत्रीय पुलिस ने चोरी का माल कहकर 100ग्राम चांदी अनाकईर के साथ 20ग्राम सोने का माल जब्त किया पिडित व्यापारियों ने कोल्लतुर क्षेत्र के अध्यक्ष गोपाराम प्रजापत को इसकी जानकारी दी क्षैत्रिय अध्यक्ष ने इसकी जानकारी तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलेरी एसोसिएशन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज को दी । स्वामी ने मामले का संज्ञान लिया और तुरंत राजमंगल पुलिस से संपर्क किया और व्यापारियों को न्याय दिलाने की मांग की पुलिस द्वारा पकडे गये चोर से गहन पूछताछ की पुलिस पूछताछ में पता चला की जो माल जब्त किया गया वो संबधित शिकायत नमंर से मेल नही खाता है इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के निवेदन पर पुलिस द्वारा दिनांक 07-11-2020 को पिडित व्यापारियों को जब्त किया माल वापस लौटा दिया गया। यह घटना सच्चाई की जीत और संगठन की शक्ति का ताजा उदाहरण है। तमिलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश स्वामी तेजानन्द के जी कण्डीगई प्रभारी पोकर राम आगलेचा के परीवारीक कार्यक्रम में शामिल हुए उनके साथ पलीपेट तालुक प्रभारी श्री पितारामजी सोलंकी वेम्बाकम तालुक प्रभारी पारसमल पवार सीरवी समाज ट्रस्ट वेम्बाकम अध्यक्ष बाबुलाल काग खेताराम चोयल मोहनलाल गेहलोत कालुराम पंवार पेमाराम आगलेचा मोजुद थे।

## लहार थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक ने की मानवता की अनोखी मिशाल पेश

### देर रात्रि गस्त के दौरान नाले में फंसे सांड को सुरक्षित निकाला बहार

**लहार(अर्पित गुप्ता)**

लहार थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह कुशवाह बैसे तो लहार में खूंखार सिंघम के रूप में जाने जाते है और अपराधी एवम असमाजिक तत्व उनके नाम से ही कांपने लगते है ऐसे सिंघम सरकार देर रात्रि गस्त नगर में गश्त कर रहे थे तो उनकी नजर खैरा मुहल्ले में नाली में फंसे एक सांड पर पड़ी जिसे निकालने के लिए उपनिरीक्षक महोदय द्वारा नगर पालिका लहार का सहारा लेना चाहा ओर 100 डायल सेवा को उनके बंगले पर भेजा पर बो बहार होना बताये गए फिर बड़ी मसक्कत से श्री मॉन जी द्वारा अपने खर्चे से एक जे.सी.बी उपलब्ध करबाई ओर देर रात को ही उस सांड को सुरक्षित निकालकर ही सांस ली अब ऐसे स्वरूप को देखकर लोगों ने उनकी खूब खुले मन से तारीफ की ओर ढेर सारा आसीर्बाद दिया और उपनिरीक्षक महोदय के दिल मे एक बेजुबान के लिए इतनी तड़प देखते ही बनती थी जब तक सांड निकाला नही गया महोदय की बैचनी पूरे शबाब पर थी और उनकी इसी बेचैनी के जूनून ने सांड को सुरक्षित निकालकर ही दम ली ।



## अतिक्रमण न करने देने पर मिली जान से मारने की धमकी

### फरियादी ने प्रशासनिक अधिकारियों से लगाई गुहार

**लहार(अर्पित गुप्ता)**

लहार थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुरा निबासी प्रह्लाद सिंह पुत्र सुल्तान सिंह भदौरिया को कुछ लोगों द्वारा महज इस बात के चलते धमकी मिल गयी क्योकि फरियादी द्वारा उक्त लोगों को आबादी भूमि सर्वे क्र.5374/3-0.690 मजरा बुद्धपुरा की शासकीय भूमि जो ग्राम पृथ्वीपुरा के लिए सुरक्षित है जिसे कृष्णपाल सिंह, नरेंद्र सिंह,जितेंद सिंह ब नितेन्द्र सिंह ने मकान बना लिया और भी निमार्ण कार्य जारी था जिसको लेकर फरियादी द्वारा लहार एस.डी.एम से गुहार लगाई थी पर महोदय द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवम तहसीलदार महोदय की ओर आबेदन भेज कर इति श्री कर ली और इसी बात के चलते आरोपी पक्ष ने फरियादी पक्ष की लात घूंसों से मारपीट कर दी और बंदूक छाती पर रखकर जान से मारने की धमकी दे डाली जिस पर फरियादी द्वारा लहार थाने में आबेदन देकर कार्यबाही की गुहार लगाई गई ।

## नीलेश हत्याकांड महिलाओं सहित ग्रामीणों ने थाने के सामने लगाया जाम बोले आरोपी के पक्ष के लोग नकाब पहनकर आते हैं धमकाने

### मौके पर पहुँचे एसडीओपी देवेंद्र सिंह कुशवाहा ने समझाइश देकर जाम खुलवाया



शिवपुरी/पिछोर। पिछोर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिरवाहा में गुरुवार को कुएं में किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी युवक घर से लापता था शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और कुएं से शव निकालकर छानबीन शुरू कर दी थी कहा जा रहा था कि मृतक का दोस्त उसे खेत में पानी देने के बहाने बुलाकर ले गया था। उस दोस्त की ही दादी ने मृतक के स्वजनों को बताया कि मेरे नाती ने तुम्हारे लड़के को मारकर कुएं में फेंक दिया है। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी सतेंद्र लोधी को गिरफ्तार कर लिया था। कुछ अन्य लोगो के नाम पुलिस को बताए जो नहीं लिखे थे। म्रतक के पिता करन सिंह का कहना है, की आरोपी पक्ष के लोग अब उन्हें धमका रहे हैं।

**महिलाये बोली नकाब पहनकर आते हैं धमकाने**-सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे पिछोर थाने पर कुछ महिलाओं पुरुषों ने आकर अचानक जाम लगा दिया था। ये लोग पिछोर के छिरवाहा ग्राम पंचायत के लोग थे जो म्रतक नीलेश सेन के पिता करन सिंह सेन व परिवारजनों के साथ आये थे। करन सिंह के अनुसार जो लोग आकर धमकी दे रहे हैं और परेशान कर रहे हैं। उनमें लगभग सात आठ लोग हर रोज मुंह पर कपड़ा बांधकर आते हैं और परेशान करते हैं। जिन पर एफआईआर दर्ज की जाए और गिरफ्तार किया जाए। लगभग 1 घंटे तक परिजनों ने जाम लगाए रखा। बाद में एसडीओपी देवेंद्र सिंह कुशवाहा, टीआई अजय भार्गव ने समझाइश देकर जाम खुलवाया।

**इनका कहना है**-मृतक के पिता का कहना है, कि आरोपी पक्ष के कुछ लोग हम लोगों को मारने की धमकी दे रहे हैं। खेती किसानी के काम में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। जिनके हम बयान कराकर जांच उपरांत उन लोगों पर कार्रवाई करेंगे।

**देवेंद्र कुशवाह,एसडीओपी पिछोर**



## महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अ.भा.क्ष. महासभा ट्रस्ट ग्वालियर सर्व समाज की ओर से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम महोदय को सौंपा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर जी ने बताया की हरियाणा राज्य के बल्लभगढ़ शहर में छात्रा निकिता तोमर की दिन दहाड़े शैक्षणिक संस्थान के बाहर हत्या की अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ग्वालियर एवं सर्व समाज कड़े शब्दों में निंदा करता है उक्त कृत्य अत्यंत शर्मनाक होकर महिला सुरक्षा से जुड़ा होकर समाज के लिए दुखद है। इसी तरह नूरगंज सेवा नगर ग्वालियर में अबोध बालिका के साथ हुए दुष्कर्म एवं हत्या से संपूर्ण समाज दुखी एवं आक्रोशित है तथा उक्त घृणित कृत्य से समाज दुखित है उपरोक्त कृत्य शर्मनाक होकर सभ्य समाज के लिए खतरे की घंटी है।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ग्वालियर एवं सर्व समाज के सामाजिक संगठन यह मांग करते हैं कि उपरोक्त दोनों कृतयों में संलिप्त अपराधियों का विचारण फास्ट ट्रैक कोर्ट से निश्चित समय सीमा में कराया जाए तथा शीघ्र से शीघ्र फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाकर उपरोक्त प्रकरणों का निश्चित समय सीमा में निराकरण कर दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। पीड़ित परिवार को पचास,पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता अविलंब प्रदाय की जाए। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। आज विरोध प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से चित्रांश इंटरनेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के नूतन श्रीवास्तव जी, राजीव सिंह भदोरिया,रविंद्र सिंह तोमर, राहुल प्रताप सिंह परमार, शैलेंद्र सिंह राठौड़, राजकुमार सिंह तोमर, घनश्याम भदौरिया, राजू तोमर, छोटू मौर्य, अरविंद परमार, शैलेंद्र सिंह सिकरवार, रविंद्र सिंह तोमर, उमेश सिंह तोमर, मीनू सिंह तोमर, सुरेंद्र परमार, दीपू भदोरिया, रवि तोमर, राजा सिंह गौर,प्रदीप सिंह भदोरिया, अजितेश सिंह चौहान, अनुराग सिंह भदोरिया,सरला दास, सीमा समाधिया, सुनीता बाथम, बिना भारद्वाज, उमा शर्मा, नेहा शर्मा,अजेंद्र सिंह तोमर, मुकेश श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश सिंह, आदि सैकड़ों साथियों ने उक्त घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषी अपराधियों के खिलाफ जल्द से जल्द फांसी की सजा की मांग की।



## रोट्रेक्ट रीगल क्लब ने मनाया चिल्ड्रन्स डे

**ग्वालियर(अर्पित गुप्ता)।** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल द्वारा हैप्पीनेस चिल्ड्रन्स डे आत्मज्योति आवासीय द्रष्टिहीन कन्या विधालय तथा मेला ग्राउंड स्थिति स्लम में मनाया गया।जिसमें क्लब द्वारा बच्चों के लिए खाने के सामान ,कपड़े आदि की व्यवस्था की गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्रांतपाल रोटे.अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा बच्चे हमारे देश का भविष्य है तथा उनको आगे बढ़ने शिक्षा एक जरूरी हथियार है आभार व्यक्त क्लब अध्यक्ष आकाश बरूआ ने तथा कार्यक्रम संयोजन रिद्धि उप्पल ने किया इस मौके पर क्लब के अभिषेक पाठक ,अविनाश जैन ,मोहित कुमार ,अक्षिता बंसल ,इशिका श्रीवास्तव ,दिव्या चौहान ,मानसी चौहान ,श्रद्धा सिंदे ,किशन सेंगर सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।।




## मूलमंत्र वेलफेयर सोसयटी का उदघाट्न समारोह सम्पन्न

**अम्बाला केंट(अर्पित गुप्ता)**

मूलमंत्र वेलफेयर सोसायटी द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारो का शपथ समारोह एवं संस्थान के उदघाट्न का कार्यक्रम का आयोजन कोरोना वायरस के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया ने की। इस दौरान पायल बेदी, पायल भाटिया ,आशीश जयसवाल ,अमित अग्रवाल, पंडित विनोद भट्ट ,कल्पना बावा ने मूल मंत्र संस्थान के विभिन्न पदों पर पदाधिकारी के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन एकता डांग ने किया। मूल मंत्र की संस्थापिका पायल बेदी ने बताया कि मूल मंत्र वेलफेयर सोसयटी सभी प्रकार के सामाजिक मुद्दों पर कार्य करेगी।

## परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु प्रस्ताव मण्डल को उपलब्ध कराने की समय-सीमा बढ़ाकर 30 नवम्बर 2020 नियत की गई

**मुरैना।** शैक्षणिक सत्र 2020-21 की परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षा केन्द्रों के चयन के लिये केन्द्र चार्ट उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। कोविड-19 के संक्रमण के कारण शैक्षणिक सत्र मे विलम्ब की पृष्ठभूमि में वर्ष 2020-21 की परीक्षाओं के लिये परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा मण्डल को उपलब्ध कराने की समय-सीमा बढ़ाकर 30 नवम्बर 2020 नियत की गई है। कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए मण्डल परीक्षाओं के लिये परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु संशोधित मार्गदर्शी मापदण्ड नियत किये गये हैं, जिनमें परीक्षा केन्द्रो में सम्मिलित शालाओं की दूरी, शहरी क्षेत्र में 05 किलोमीटर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 10 किलोमीटर से अधिक नही होगी। परीक्षा केन्द्र का चयन शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालय के बजाय संस्था में उपलब्ध अधोसंरचना, संसाधन एवं सुविधाओं के आधार पर किया जायेगा, परीक्षा केन्द्र के लिए ऐसे विद्यालय का चयन किया जाये, जिसमें परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, बिठाने के लिय फर्नीचर, पेयजल, प्रसाधन व सुरक्षा की अच्छी व्यवस्था हो, मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 की आयोजित परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र पर प्रश्न पत्र ऑनलाईन, पेन ड्राईव के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना विचाराधीन है। अतः जिन विद्यालयों में स्वयं की कम्पयूटर, इंटरनेट, प्रिन्टर, फोटो कॉपी मशीन अथवा किराये पर लेने की व्यवस्था आसानी से हो सके, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।

## चोरी की 12 मोटरसायकल बरामद कर चोरों को दबोचा

**ठाकुरदास लोधी**

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा विधानसभा उप-चुनाव 2020 व आने वाले दीपावली त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु चैकिंग कराए जाने हेतु निर्देश दिये थे, चैकिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश चन्देल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर देवेन्द्र कुशवाह के कुशल मार्गदर्शन में रविवार को दोपहर करीब 02 बजे भरसूला तरफ से आती हुई एक मोटरसाइकल एच.एफ. डीलक्स जिस पर कोई नम्बर नहीं पडा था,रोकी गई तो मोटरसाइकल पर दो व्यक्ति बैठे थे वो चैकिंग प्वांइट से मय मोटरसाइकल के भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे चैकिंग प्वाइंट पर उपस्थित फोर्स के व्दारा बमुश्किल रोका गया, उनके नाम पता पूछे तो उन्होंने अपना नाम अजय लोधी पुत्र रामसिंह लोधी उम्र 23 साल निवासी गरेंठा थाना पिछोर दूसरे पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कल्ला उर्फ प्रेमकुमार पुत्र जमुनादास लोधी उम्र 20 साल निवासी प्रतापपुरा थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी का रहने वाला बताया, मोटरसाइकल के कागजात मांगने पर कागजात न होना बताया संदेह के आधार पर मोटरसाइकल के इंजन नंबर व चेचिस नंबर चैक किये गये तो थाना बामौरकला के अपराध क्रमांक 143/2020 धारा 379 भादवि में चोरी गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकल क्रमांक एमपी 33 एमएच 9159 होना पायी गई, जिससे आरोपीगणों से उक्त मोटरसाइकल जप्त कर आरोपीगणों से पूछताछ की गई तो दोनों आरोपीगणों ने अपने साथी सुखराम पुत्र



श्यामलाल रजक उम्र 23 साल निवासी भरसूला थाना बामौरकला ने थाना बामौरकला के अपराध क्रमांक 151/2020 धारा 379 भादवि में भी चोरी गई मोटरसाइकल होंडा शाइन क्रमांक एमपी 67 एमबी 6332 को भी ग्राम दिदावनी से चोरी करना बताया तथा उसके अलावा थाना पिछोर, खनियाधाना, भौती, चन्देरी व ललितपुर से भी करीब 10 मोटरसाइकिलें चोरी करना बताया उनमें से थाना पिछोर से दो मोटरसाइकिलें, एक मोटरसाइकल पेशन प्रो क्रमांक एमपी 33 एमडी 0645 ,एक मोटरसाइकल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 33एमक्यू 0310 तथा थाना खनियाधाना क्षेत्र के गांव मुहारी से एक मोटरसाइकल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 33एमएल 6653 ,थाना भौंती कस्बा से एक मोटरसाइकल पेशन प्रो यूपी 94 एम 5403,थाना चन्देरी क्षेत्र से एक हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्रो यूपी 94 जे 3294 तथा एक मोटरसाइकल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्रो व एक हीरो होण्डां स्पलेंडर बिना नंबर की जिसका चेचिस नंबर एमबीएलएचए 10 ईई8एचएम 04220 व इंजन नंबर एचए 10ईए8एच एम08626 ,एक हीरो एच एफ डीलक्स मोटरसाईकिल बिना नंबर की चेचिस नंबर घिसा हुआ, इंजन नंबर एचए11ई एफसी9एम06849,तथा ललितपुर से तीन मोटरसाइकिलें एक हीरो एच एफ डीलक्स बिना नंबर की जिसका चेचिस नंबर एमबीएलएचए11एईई9सी 69459 इंजन नंबर एचए11ईएफई9डी01183, एक हीरो एच एफ डीलक्स मोटरसाईकिल बिना नंबर की जिसका चेचिस नंबर एमबीएलएकए 11एआरएफ 4एम02781 व इंजन नंबर एचए11ईएचएफ 4एम03606, एक हीरो होण्डा पेशन प्रो बिना नंबर चेचिस नंबर एमबीएलएचए 10एएचएजीएफ 43582 इंजन नंबर एचए10 ईडीएजीएफ36529, आरोपीगणों से कुल 12 मोटरसाइकिलें चोरी करना बताया व उक्त सभी मोटरसाइकिलें कीमती करीबन 6 लाख रुपये की आरोपीगणों से उनके घरों से जप्त की गई हैं। इसके अलावा भी आरोपीगण कल्ला लोधी व अजय लोधी ने थाना भौंती क्षेत्र के ऊमरी खुर्द मोड से करीब दो माह पूर्व एक सेकेटरी से शाम करीब 6 बजे 60 हजार रुपये छींनना भी स्वीकार किया है, जिसमें थाना भौंती के अपराध क्रमांक 257/2020 धारा 392 भादवि व 11,13 ख्क्क्क्र एक्ट में भौंती पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उक्त आरोपीगण आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं आरोपीगण कल्ला लोधी व अजय लोधी पूर्व में भी चोरी,लूट,अवैध शराब तश्करी के मामलों में पिछोर, खनियाधाना व बसई क्षेत्र में पकडे गए हैं। उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार करने व माल बरामदगी में थाना प्रभारी बामौरकला रामेन्द्र सिंह चौहान, उप निरीक्षक संजीव पवार थाना (पिछोर),सउनि0 कल्याण सिंह कुशवाह, प्र0आर0 896 मुवीनउद्दीन काजी, आर0 चन्द्रभान अहिरवार, आर राधेश्याम जादौन, आर धर्मेन्द्र सिंह, आर फिरोज खान, आर ओमप्रकाश राठौर, आर विकाश दुबे, आर नन्दकिशोर शाक्य, आर चा मोहित शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# व्यापारियों ने ज्ञापन भेजकर मुख्यमंत्री को बतायी समस्याएं

## व्यापारी हित में जल्द निराकरण की उठायी मांग

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सुरेश बड़ेरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने 14 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी लवकुश त्रिपाठी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कोविड-19 महामारी को आप द्वारा संपूर्ण प्रदेश में किए गए कार्यों को आज देश एवं प्रदेश में सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। आह्वान किया कि लॉकडाउन के समय 3 माह प्रदेश के सारे व्यापारियों ने आपकी गाइडलाइन के अनुसार दुकानें बंद रखी इससे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है इस कारण से व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर समाधान हेतु निम्न बिंदुओं को रखकर मांग की है। सभी विभागों में लाइसेंस नवीनीकरण की प्रथा समाप्त कर आजीवन लाइसेंस बनाने की व्यवस्था की जाए लाइसेंस नवीनीकरण मैं विलंब होने पर ब्याज की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किया जाए। सरकारी स्मार्ट मीटर की स्पीड ज्यादा है जो अनुचित है जिससे उपभोक्ताओं पर बिजली का बोझ भारी पड़ता है इस पर रोक लगाई जाए एवं भारत में बने निर्मित मीटर सभी जगह लगाए जाएं, बिजली के घरेलू और कमर्शियल को समाप्त करके केवल एक रेट किया जाए फिक्स चार्ज समाप्त किया जाए, डॉक्टर किसी मरीज को भर्ती नहीं कर रहे हैं बेहतर तरीके से इलाज नहीं कर रहे हैं होवा बनाकर अस्पतालों में मरीजों को लूट रहे हैं इस पर रोक लगाई जाए, आधार कार्ड केवल ललितपुर जिले में केवल सीमित जगह बन रहे हैं उससे जनता काफी परेशान हो रही है आधार कार्ड बनाने बा करेक्शन कराने की व्यवस्था तहसील स्तर पर प्राइवेट लोगों को



देकर व्यवस्था बनाई है जिससे कोई परेशान ना हो, शहर के अंदर हेलमेट की अनिवार्यता समाप्त की जाए, होटल को 24 घंटा खोलने की अनुमति दी जाए होटल की नियमावली को सरल बनाया जाए, शादी विवाह व अन्य समारोह में 100 व्यक्तियों की जगह 500 व्यक्तियों को शामिल करने की अनुमति दी जाए जिससे होटल बारात घर रेस्टोरेंट बा कैटर्स एवं टेंट व्यापारियों का व्यापार व्यवस्थित होगा और सरकार को राजस्व में वृद्धि होगी, उत्तर प्रदेश सरकार ने 2त्न मंडी शुल्क की जगह 1त्न कर दिया गया है यह सरकार ने सराहनीय कार्य किया है इस पर गल्ला व्यापारी आपको कोटि-कोटि धन्यवाद देते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि प्रदेश में सभी मंडियों के अंदर और बाहर व्यापार करने में मंडी शुल्क 1त्न ही किया जाए और 0.5 प्रतिशत शेष को समाप्त किया जाए, मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी जाए सभी छोटे बड़े उद्यमियों व व्यापारियों को 6त्न ब्याज पर बैंक लोन बिना किसी जमानत पर दिया जाए, गल्ला मंडी में जो नवीन दुकानों का निर्माण हो रहा है उसको सरकार नीलम की बोली लगाकर दे रही है यह अनुचित है इसमें छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी दुकान लेने में असमर्थ रहेंगे क्योंकि इसमें बोली लाखों रुपए में जाएगी अत~ दुकाने वर्तमान की भांति किराए पर ही देना चाहिए, गल्ला मंडी में नवीन दुकानों का निर्माण हो रहा है इनके ऊपर आवास बनाने की व्यवस्था होनी चाहिए हरियाणा पंजाब के प्रदेश के अनुसार दुकानों के ऊपर निवास की व्यवस्था होनी चाहिए, जो व्यापारी नगर पालिका और जिला पंचायत की दुकानें किराए पर ली है उन दुकानों का बिजली का बिल और किराया माफ किया जाए क्योंकि शासन के आदेश अनुसार कोरोना काल में तीन माह दुकान बंद रही है जिससे किराया व बिजली का बिल माफ किया जाए, जिले में फायर बिग्रेड की गाड़ी दो होने के कारण जिले में किसानों की फसल बा दुकानों में आग लगने से काफी नुकसान होता है गाडय़िों की कमी होने के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ता है अत~ आपसी शीघ्र ही निवेदन है तहसील स्तर पर फायर स्टेशन बनवाकर हर तहसील में एक गाड़ी की व्यवस्था की जाए जिससे आग से होने वाली दुर्घटना व क्षति को बताया बचाया जा सके। इस दौरान अनेकों व्यापारी नेता मौजूद रहे।




# निबंध प्रतियोगिता में ललितपुर ने बाजी मारी

## अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ने किया था आयोजन

**ललितपुर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम केन्द्रीय समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना उपचार/बचाब हेतु जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ललितपुर यूनिट से भेजे गए प्रतियोगियों में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अनामिका जैन ने प्रथम, कु.अंशी जैन ने द्वितीय, कु.अनु जैन ने सांत्वना पुरस्कार एवं 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में कु.तथानशी जैन को द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ। सभी प्रतियोगियों को क्षेत्रपाल मंदिर में विराजमान आचार्य 108 आर्जव सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में श्री दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरुस्कार का वितरण किया गया एवं आचार्य 108 आर्जव सागर महाराज ने सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर यूनिट के सेवाभावी कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, महामंत्री डा.अक्षय जैन, उपाध्यक्ष आनंद जैन, मनोज जैन, ब्र.मनोज भैया, अक्षय जैन, प्रबंधकद्वय राजेन्द्र जैन, मोदी पंकज जैन पार्षद, चंद्रकुमार लोहिया, संतोष जैन, महेंद्र के साथ अध्यक्ष सनत जैन, रमेश जैन, विजय जैन, गौरव जैन, अशोक जैन, महिपाल जैन, नरेंद्र जैन, विशाल जैन, चंद्रकुमार जैन, सुरेंद्र सिंघई, केवल चंद्र जैन आदि की उपस्थिति रही।

# मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने पर होगी सख्त कार्यवाही

## डीएम के निर्देश पर जिले भर में चल रहा जांच अभियान



**ललितपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में दीपावली पर्व के अवसर पर आम जनमानस के द्वारा उपभोग किये जाने वाले खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दुग्ध उत्पाद, पनीर, खोया, घी, बर्फी, लडडू, मिठाइयां, मैदा, बेसन, वनस्पति, खाद्य तेल, खाद्य मसाले, नमकीन आदि पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद ललितपुर के अभिहित अधिकारी विनय कुमार के नेतृत्व में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में सोमवार को जनपद ललितपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार श्रीवास एवं प्रशान्त मलैया, सूर्यलाल, अरविन्द कुमार साहू, प्रशान्त श्रीवास्तव की सचल दल टीमों के द्वारा कस्बा बानपुर स्थित आशीष की दुकान से मिल्क केक का एक नमूना लिया गया, इसके पश्चात कस्बा महरौनी से राधे किराना स्टोर से रिफाईण्ड सोयाबीन तेल का एक नमूना, कस्बा महरौनी में दूध पनीर की आपूर्ति कर रहे विक्रेता बलवन्त सिंह से पनीर का नमूना, इसके पश्चात मडावरा में जैन किराना से सरसों का तेल का नमूना एवं प्रसन्न कुमार की दुकान से खोया का नमूना लिया गया। इसी क्रम में तहसील तालबेहट क्षेत्र में तेरई फाटक पर दूध कलेक्शन सेन्टर से महेन्द्र सिंह पुत्र जय सिंह से दूध का एक नमूना, कस्बा बार स्थित उदय सिंह पुत्र लाखन सिंह की दूध डेयरी से दूध का नमूना लिया गया है। इसी क्रम में नगर क्षेत्र ललितपुर में ग्वाला मिष्ठान भण्डार महावीरपुरा से छैने का रसगुल्ला, सुभाषपुरा स्थित अपना स्वीट्स दीपक ताम्रकार से पनीर का एक नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिये गये हैं। विभिन्न स्थानों से दुकानों पर रखी हुयी बासी एवं रंगीन मिठाइयों को नष्ट कराया गया है। छापों की खबर लगते ही अधिकांश दुकान शटर गिराकर भाग गये। अभियान में अभी तक विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 21 नमूने लिये जा चुके हैं। अभिहित अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान दीपावली तक जारी रहेगा।



# क्षत्रिय दशहरा मिलन समारोह एवम शस्त्र पूजन सम्पन्न

## समाज के उत्थान मे शिक्षा की भूमिका प्रमुख

**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मड़ावरा ललितपुर के तत्वाधान में क्षत्रिय दशहरा मिलन सनरोह एवम शस्त्र पूजन हनुमान जी मंदिर लहर धाम मड़ावरा ललितपुर में बृजेन्द्र प्रताप सिंह (पूर्व कैविनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ)के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम सभी ने मन्दिर में जाकर पूजा अर्चना की इसके बाद सभी सभा स्थल पहुंचे। जहां भगवान श्रीराम, महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोचारण के साथ शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रताप सिंह परिहार, सरदार सिंह बुन्देला, शैलेन्द्र सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह राजावत, प्रताप सिंह गौर, स्वरूप सिंह चौहान, भगवत सिंह बैस, जगवीर सिंह, हरपाल सिंह चंदेल, भूपेंद्र सिंह तोमर, बॉबी राजा, मानवेन्द्र सिंह तोमर, अखण्ड प्रताप सिंह, वीपेंद्र सिंह परमार, अजय राजा, अभय प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, शिवकरन सिंह तोमर, किशोर सिंह गौर, मयंक प्रताप सिंह, विजय सिंह सेंगर, शिवा सिंह तोमर, गिरेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, नारायण सिंह सेंगर, सुरेन्द्र सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से।

# स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वितरित होगा आंगनबाडी केन्द्रों पर सूखा राशन



**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में विकास भवन के सभाकक्ष में सीडीओ अनिल कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आईसीडीएस के लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत सूखा राशन वितरण का कार्य कराने जाने के संबंध में जनपद स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 10 नवम्बर से शिशु, गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं किशोरियों को सूखा राशन वितरण के संबंध में समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त ब्लॉक मिशन प्रबंधक, समस्त विकास खण्डों से स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीगण को विस्तृत जानकारी दी गई। सर्वप्रथम निधि शुक्ला, जिला मिशन प्रबंधक, वित्तीय समावेशन के द्वारा सभी का स्वागत किया गया। तदोपरान्त रवीन्द्र वीर यादव, उपायुक्त स्वत~ रोजगार के द्वारा स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीण को बताया गया की वर्तमान में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा सूखा राषन गेहूं, चावल, दाल, धी एवं स्किम्ड दुध का वितरण किया जाना है। गेंहू एवं चावल उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करना है एवं दाल स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय बाजार से क्रय कर निर्धारित मात्रा में वितरित करना है। कार्यषाला में पुष्पा वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा बताया गया कि षिषु, गर्भवती, धात्री व किशोरियों के स्वास्थ्य एवं सही पोषण को गति प्रदान करने के उदेदष्य से आंगनबाडी केन्द्रों पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में सूखा राषन वितरित किया जायेगा। कार्यषाला में श्री अभिनव शर्मा, जिला मिषन प्रबंधक, आजीविका के द्वारा समूहों के पदाधिकारीगण को सूखा राषन के पैकेजिंग के संबंध में जानकारी दी गई एवं विद्यासागर द्विवेदी, जिला मिषन प्रबंधक, सामाजिक विकास के द्वारा समूहों के पदाधिकारीगण को पोषण एवं अनुपूरक आहर के महत्व पर जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया वर्तमान में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाडी केन्द्रो पर सूखा राषन का वितरण किया जायेगा। उनके द्वारा कार्यषाला में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं ब्लॉक मिषन प्रबंधकों को निर्देषित किया गया कि स्वयं सहायता समूहों को आवष्यक सहयोग प्रदान करते हुए आंगनबाडी केन्द्रों पर दिनांक 10 नवम्बर 2020 से सूखा राषन वितरण के कार्यक्रम को सुचारु रुप से संचालित करना है। बलिराम वर्मा, परियोजना निदेषक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के द्वारा स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीगण को सूखा राषन के वितरण के कार्य को उत्साह एवं लगन से करने हेतु कहा गया।

# बालाजी स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर : डीएम

ललितपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड जखौरा के ग्राम पंचायत रानीपुरा (राजघाट) में तेलंगाना से आयी कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के टीम के द्वारा बालाजी स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। बालाजी स्वयं सहायता समूह में कुल 10 सदस्य है। बालाजी स्वयं सहायता समूह में अध्यक्ष-सुनीता, सचिव-ज्योति, कोषाध्यक्ष-दुर्गा एवं महालक्ष्मी व अन्य सदस्य है। बालाजी स्वयं सहायता समूह का बचत खाता, भारतीय स्टेट बैंक, रानीपुरा (राजघाट) में है। बालाजी स्वयं सहायता समूह को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा निर्धारित रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि प्राप्त हो चुकी है। साथ ही बालाजी स्वयं सहायता समूह का बैंक से बैंक क्रेडिट लिंकेज कराया जा चुका है। बालाजी स्वयं सहायता समूह की सदस्य महालक्ष्मी, रानीपुरा (राजघाट) क्षेत्र में इडली व डोसा बनाने का कार्य करती हैं। उनके द्वारा स्वयं सहायता समूह से 20000.00 रू0 ऋण लेकर अपने कार्य को आगे



बढ़ाया गया, जिससे इन्हें प्रतिमाह 10000.00 रू0 से 12000.00 रू0 की आमदनी हो रही है। जिलाधिकारी अन्नाविं दिनेश कुमार के द्वारा अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बालाजी स्वयं सहायता समूह की सदस्य महालक्ष्मी के द्वारा बनाये जा रहे इडली व डोसा के दुकान का अवलोकन किया गया। साथ ही उनके द्वारा अन्य समूह सदस्यों के साथ वार्ता की गयी। जिलाधिकारी के द्वारा बालाजी स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को ललितपुर स्थित सरस भवन, कलैक्ट्रेट में कैन्टीन प्रारम्भ करने का सुझाव दिया गया। बालाजी स्वयं सहायता समूह के अन्य सदस्य भी अपना-अपना रोजगार कर रहे हैं। बालाजी स्वयं सहायता समूह के 03 सदस्य आई.सी.आर.पी. के रूप में जनपद में कार्यरत है। जिलाधिकारी के द्वारा बालाजी स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों पर प्रसन्ना व्यक्त की गयी एवं भ्रमण में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी, जखौरा को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड में गठित समूहों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करें।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर हुये धरना प्रदर्शन



**ललितपुर।** विगत दिनों कवरेज पर गये जाखलौन के पत्रकार विनय तिवारी पर दंबगों के द्वारा हुये जानलेवा हमले से बेहद गंभीर घायल हुये पत्रकार के परिवार के सदस्यों ने आरोपियों की गिफ्तार की मांग को लेकर घंटाघर पर धरना प्रदर्शन किया। तो वहीं जनपद के थाना बार के गांव वछरावनी के कई दर्जन ग्रामीण घंटाघर पर धरना प्रदर्शन करते हुए,उनका आरोप है कि गांव के ही दबंगों ने खेतों के आम रास्ते पर कब्जा कर लिया है, आम रास्ते कब्जा होने से खेतों मे काम नहीं कर पा रहे है,आम रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर घंटाघर पर जारी है धरना वछरावनी के ग्रामीणों का रहा। विगत दिनों आल्हापुर गांव के एक ग्रामीण द्वारा किसी बात लेकर आम हत्या की लेकिन मृतक के परिवार का आरोप हैं कि दबंगों ने की हैं हत्या,हत्याकांड के आरोपियों की गिफ्तारी की मांग को लेकर घंटाघर पर मृतक के परिवार सहित सैकड़ों आठ गांव के लोग सर्मथन मे बैठे हैं धरने पर धरने पर और लगाया घंटाघर के आम रास्ते के अंशभाग पर जैम। आगामी समय में दीपावली पर्व के त्योहार के चलते बाजारों में है भीड़ जिससे बाजार में बनी है रोनक ऐसे में घंटाघर पर एक साथ तीन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन पुलिस प्रशासन के लिए बना चुनौती और पुलिस प्रशासन ने घंटाघर स्थल पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया है और समय-समय की जानकारी अधिसूचना इकाई एलआईयू और स्पेशल ब्रांच एलआईयू विभाग समय समय की खबर अधिकारियों को दे रहे हैं जिससे किसी तरह की कोई अनहोनी ना हो लेकिन दूसरी ओर प्रदर्शनकारी अधिकारियों से वार्ता करने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं।

# प्रयागराज में 62 घंटे से पानी की टंकी पर चढ़ा है वकील का परिवार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बेली पानी की टंकी पर चढ़े वकील परिवार को 62 घंटे से अधिक हो चुके हैं। उन्हें समझाने पहुंचे प्रयागराज के आलाधिकारियों को सोमवार दिन तक वकील विजय प्रताप सिंह ने छकाये रखा। एक साथ जुटे सभी अधिकारियों ने अधिवक्ता की हर बात मानने की बात कही। यह भी कहा कि अगर उसे वह नीचे आता है तो प्रयागराज में ग्राम सभा की जमीन दिलाने की कोशिश करेंगे। हाईकोर्ट के पदाधिकारियों की मदद से वह केस फाइल कर सकता है। बावजूद इसके पीड़ित परिवार ने किसी की नहीं सुनी। आखिर में अधिकारी अलाव जलाकर वहीं बैठ कर मंथन करते रहे। रात में एडीजी ने फेसबुक लाइव भी किया।

पानी टंकी के पास रात 10~00 बजे के बाद अधिकारियों का जमावड़ा लगने लगा था। डीएम भानुचंद्र गोस्वामी और डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के पहुंचने के बाद आईजी केपी सिंह और एडीजी प्रेम प्रकाश जी पहुंच गए। दूसरी ओर से कमिश्नर आर रमेश भी आ गए। एक-एक करके सभी अधिकारी पीड़ित परिवार से संपर्क करने की कोशिश करते रहे। कभी एडीजी तो कभी आईजी तो कभी डीएम ने माइक लेकर हर प्रकार की सुविधा देने की बात कही लेकिन विजय प्रताप ने बात नहीं मानी, न ही उनके किसी परिवार की ओर से कोई सहमति मिली। रात के 1~00 बजे पानी टंकी के नीचे कुर्सी लगाकर जनपद के आला अधिकारी लाचार नजर आ रहे थे। पीड़ित परिवार की सुरक्षा के मद्देनजर कोई भी अधिकारी ऐसी कोई गलती नहीं करना चाह रहा था जिससे किसी का कुछ नुकसान हो। सुरक्षा के मद्देनजर पीड़ित परिवार को मनाने की कोशिश की जा रही थी।

**पब्लिक को दूर किया**-पानी टंकी के पास जब लाइट लगने लगा तो आसपास के लोगों की भीड़ भी जमा होने लगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के आने के बाद पुलिस ने घेराबंदी करके आमजन को वहां से दूर किया। देर रात तक लोग दूर से ही खड़े होकर नजारा देख रहे थे। पुलिस अधिकारी माइक से क्या बोल रहे हैं, सुन रहे थे। उसके बाद कुछ लोग मजा ले रहे थे कि अब क्या होगा।

**बाहर से मंगाई एनडीआरएफ और लैडर**-अधिवक्ता परिवार को पानी की टंकी से सुरक्षित बचाने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली।



डीएम ने बाहर से एनडीआरएफ की मांग की। बताया जा रहा है कि एनडीआरएफ की एक टीम बचाव के लिए बुलाई गई है। इसके अलावा फायर ब्रिगेड की ओर से कानपुर से लैडर मांगी गई है। लैडर यानी फायर ब्रिगेड की वह गाड़ी जिसमें बहु मंजिला इमारत तक सीढ़ी लगाकर पहुंचने का पूरा इंतजाम रहता है।

**अधिवक्ता ने कहा- एक व्यक्ति बीमार, पहुंची डॉक्टरों की टीम**-आधी रात को अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भूख हड़ताल के कारण उनके परिवार का एक सदस्य बीमार हो गया। यह सुनते ही एडीजी और डीएम ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। यह भी कहा कि किसी एक व्यक्ति को भेजकर उन्हें नीचे बुलाते हैं ताकि इलाज कराया जा सके लेकिन इसके लिए भी अधिवक्ता तैयार नहीं हुए। धमकी दी कि कोई भी ऊपर आया तो ठीक नहीं होगा। आईजी केपीं सह ने माइक से अधिवक्ता को बताया कि बीमार व्यक्ति की मदद के लिए डॉक्टरों की टीम नीचे आ गई है। एंबुलेंस भी खड़ी है। अगर वह नीचे नहीं आएंगे तो उनका इलाज कैसे होगा। लेकिन कोई जवाब देने की जगह वह शांत हो गया।

**टंकी के चारों तरफ दो सौ मीटर जाल बिछाया** -अधिवक्ता विजय प्रतार्प सह के परिजनों को सुरक्षित बचाने के अभियान के तहत जल पुलिस और फायर ब्रिगेड ने पानी टंकी के नीचे करीब 200 मीटर तक जाल बिछाया, ताकि किसी भी परिस्थिति से एसडीआरएफ की मदद से पुलिस टीम मोर्चा संभाल सके। देर रात तक पूरी टीम सतर्क रही। मुख्य अग्निशमन अधिकारी रविन्द्र शंकर मिश्रा ने बताया कि पानी की टंकी 60 से 75 फीट ऊंची है। इसी के ऊपर अधिवक्ता का परिवार चढ़ा है। सुरक्षा के मद्देनजर जल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने 20 फीट लंबे जाल को चारों तरफ से लगाया है। जमीन से करीब 8 फीट ऊपर बल्ली में बांधकर जाल को बिछाया गया है। जल पुलिस प्रभारी कड़ेदीन यादव ने बताया कि जल पुलिस और फायर बिग्रेड ने लगभग 200 मीटर लंबा चौड़ा जाल बिछाया है। पानी टंकी के एक तरफ पेड़ होने के कारण खुला था। बाकी चारों तरफ जाल बिछाया गया है। बताया जा रहा है कि माघ मेले के दौरान जल पुलिस के लिए जाल की खरीदारी की गई थी। बड़े-बड़े जाले गंगा और यमुना में बैरिकेंडग के लिए लगाए जाते है। उसी जाल को रविवार को पानी की टंकी के नीचे बिछाया गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की पूरी टीम, 2 दमकल, 12 जवान और एसडीआरएफ की टीम मौजूद रही।

संपादकीय

# परदेस में नुमाइंदगी

सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस ने अपने एक अध्ययन में यह बताया है कि इस साल के चुनाव में बीस लाख से ज्यादा भारतीय-अमेरिकियों ने अपने वोट देने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। अमेरिका में चुनाव और वहां के मतदाताओं की संख्या के मुताबिक जिस तरह के आकलन सामने आते रहे हैं, उसमें भारतीय-अमेरिकियों की इतनी बड़ी तादाद काफी महत्त्व रखती है। अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव पर शुरू से ही समूचे विश्व की नजर है और अंतिम नतीजों को लेकर सबकी उत्सुकता बनी हुई है। हालांकि नतीजों को लेकर जिस तरह की जद्दोजहद दिख रही है, विभिन्न पक्षों के जैसे बयान आए हैं, वह अप्रत्याशित है और यह देखने की बात होगी कि अमेरिकी व्यवस्था उससे कैसे निपटती है। नई बनने वाली सरकार भारत के लिए भी राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर भी खासा महत्त्व रखेगी। लेकिन इस बीच अमेरिकी चुनावों में भारत से जुड़ी भावनाओं के लिहाज से कई अहम बातें उभर कर सामने आई हैं। नतीजों के आने के साथ ही एक खास बात यह रही कि इसमें भारतवंशियों ने जैसी उपस्थिति दर्ज की है, वह इस पैमाने पर पहले नहीं देखा गया था और चर्चा का विषय नहीं बना था। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के साथ-साथ कई राज्यों में भी चुनाव हुए हैं। उनमें अलग-अलग जगहों पर पांच महिलाओं सहित एक दर्जन से ज्यादा भारतवंशियों ने जीत का परचम लहराया है। अमेरिकी में भारतीय मूल के लोगों की जीवन-स्थितियों के लिहाज से इसे एक अहम उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिका में भारत से जाकर बसने वालों के जोर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारतीय मूल के चार उम्मीदवार एमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना और राजा कृष्णमूर्ति अमेरिकी कांग्रेस के निम्न सदन यानी हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव के लिए दोबारा निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा, कम से कम तीन प्रत्याशी और हैं, जो कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। फिर भारतीय-अफ्रीकी मूल की पहली महिला कमला हैरिस उप-राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं। स्वाभाविक ही लोगों भीतर यह जिज्ञासा पैदा हुई है कि इस बार अमेरिका के चुनावों में भारतीय मूल के लोगों की ऐसी धमक की वजह क्या हो सकती है। सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस ने अपने एक अध्ययन में यह बताया है कि इस साल के चुनाव में बीस लाख से ज्यादा भारतीय-अमेरिकियों ने अपने वोट देने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। अमेरिका में चुनाव और वहां के मतदाताओं की संख्या के मुताबिक जिस तरह के आकलन सामने आते रहे हैं, उसमें भारतीय-अमेरिकियों की इतनी बड़ी तादाद काफी महत्त्व रखती है। अमेरिका में भारतीय मूल के करीब पैंतालीस लाख लोग रहते हैं। इस लिहाज से देखें तो जब मतदान में भाग लेने वाले भारतीय मूल के लोगों की संख्या इतनी बड़ी है तो इसका असर नुमाइंदगी की दावेदारी में दिखना स्वाभाविक है। हालांकि चुनावों के दौरान और उससे पहले भी अमेरिका में सरकारें संख्या बल की वजह से भारतीय अमेरिकियों की आमतौर पर खयाल रखती हैं और चुनावों में उनका समर्थन हासिल करने की कोशिश करती हैं। मगर इस बार भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के प्रति दोनों राजनीतिक पक्षों में जैसा आकर्षण देखा गया, उन्हें अपने पक्ष में करने की जैसी कोशिशें की गईं, वह महत्त्वपूर्ण है। खासतौर पर रिपब्लिकन पार्टी और खुद डोनाल्ड ट्रंप ने बाकायदा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करके भारतीय-अमेरिकियों का समर्थन हासिल करने की कोशिश की।

## देश प्रेम

अंग्रेजों की गंध को, भारत की मिट्टी से यूं मिटाना है ।
हिंदुस्तान में रहने वालों को, हिंदुस्तानी हमें बनाना है ।।
वेदों के वसुधैव कुटुम्बक को अपनाना है ।
सारी दुनिया को अपना परिवार हमें बनाना है ।।
फिर अशोक की धम्म नीति को, आज हमें अपनाना है ।
पुनः हमारे भारतवर्ष को, सोने की चिड़िया हमें बनाना है ।।
ऋग्वैदिक सभ्यता को आज हमें अपनाना है ।
हिंसा मुक्त हो, जाति विहीन वह सभ्य समाज हमें बनाना है ।।
बुद्ध के पद चिन्हों पर चलकर, देश को गृह युद्ध से बचाना है ।
कैंडल मार्च बहुत हुआ, अब दुष्टों को नरक द्वार पहुँचाना है ।।
माँ भारती का गौरव अब, तारीखों का मोहताज नही ।
बेटी बचाओ के नारे का झूठा स्वांग नही रचाना है ॥
देश की बेटी को बचाकर सच्चा कर्म, हमें करते जाना है ।
आओ मिलकर नव भारत बनाए, कुछ ऐसा ईमान बनाना है ।।
सर्व धर्म समभाव का परिचय देकर, सबको गले लगाना है ।
जनसंगठन में अपार शक्ति है, यह बात अब सबको बतलाना है ।।
विश्व विद्यालय नालंदा व विक्रमशिला को फिर से श्रेष्ठ बनाना है ।
आज हमें विभिन्न देशों के कोनों में, भारत का इतिहास सुनाना है ।।
दुर्गावती व लक्ष्मी बाई के साहस को, पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढाना है ।
हर बुराई से लड़ सकें, बेटियों को इतना मजबूत बनाना है
बापू के औचित्यो से, भारत को आगे बढ़ाना है ।
आतंकवाद फैलाने वालों को, अब भगत सिंह



का रूप दिखलाना है ।।
देश की आजादी में लड़े, हर योद्धा का मान बढ़ाना है ।
बहुत हुई हर बात पुरानी, अब भारत को विश्व विजयी बनाना है ।।
भारत है एकीकरण का मार्ग विधाता, ये पाठ सबको पढ़ाना है।
बल्लभ भाई पटेल की भूमिका से, हमें सबको यथार्थ कराना है ।।
पाक के हर नापाक इरादों को, अब हमें समाप्त करते जाना है ।
एयर स्ट्राइक के माध्यम से, अब हर दुश्मन को धूल चटाना है ।।
बंदूक, डंडा व स्टेथोस्कोप ने अपना हर काम बखूबी निभाया है ।
दो गज़ दूरी का पालन करके, हमें अब करोना मुक्त भारत बनाना है ।।
हर कोरोना कर्म वीरो की शहादतों का, ध्यान करते जाना है ।
मास्क व प्रक्षालक के प्रयोग कर, अब हमें जग को बचाना है ॥
हो न जाये कही पंथ निरपेक्षता शर्मशार, यह भी धर्म निभाना है ।
बस हर कदम साथ बढ़े, अब हर हाल महामारी को हराना है ।।
बंधुता की लाज रख, अब भारतीय संविधान के औचित्यो को अपनाना है ।
आर्थिक स्थिलता व बेरोजगारी से जूझ रहे देश का साथ हमें निभाना है ।
बंधुता और सहिष्णुता के भावों से, हमें देश को अपना बनाना है ।
सब कहे वोकल फोर लोकल अब आत्मनिर्भर भारत बनाना है ।।
खुद की परवाह न कर, जो वीर करे मृत्यु से साक्षात्कार, हमें उनका साथ निभाना है ।
ये पथप्रदर्शक देवदूत है हमारी खुशियों के, इनका हौसला हमें बढ़ाना है।।
अनवरत दिन-रात अपना कर्तव्य निर्वहन कर, हमें देश को ऊँचा उठाना है ।
है ये ज्ञात कि चुका न पाएंगे यह कर्ज़ बेशक, लेकिन हमें देश को आगे बढ़ाना है ।।
मानवता की नस्ल बन, अपना धर्म हमें निभाना है ।
दानवता की गर्जन बन, अब दुश्मन को सबक सिखाना है ।।
भारत माँ के सेनानियों के बलिदान का हर मोल हमें चुकाना है ।
अपने वतन परस्ती की जिद में कुछ ऐसा कर्म कर जाना है ॥
हर घर आँगन, सड़क व नहर स्वच्छ रहे यह संदेश फैलाना है ।
नफरत की गर्द झाड़ कर हमें फिर प्रेम का दीपक जलाना है ।।
हुई बहुत नेताओं की जय जयकार, अब इनको सर पर नही चढ़ाना है ।
हम है, अपने देश के रचयिता अब हमें ही कलम चलाना है ॥
कोई बने अब्दुल, अटल, बोस तो कुछ को पटेल बन दिखाना है ।
दीमक बनती राजनीति की जड़ को, नीव सहित उखाड़ मिटाना है ।।
गुरुकुल जिस देश की रीत रही हो, वो आज शिक्षा से कैसे बेगाना है ।
हर बच्चा बस हो साक्षर, अब यही उद्देश्य सबको अपनाना है ।।
धर्म संस्कार रीति-नीति व कर्म-कांड के भारत को सत्य सनातन बनाना है ।
गीता व की ध्वनि से हमें, पुनः पावन धरा शीघ्र बनाना है ।।
शान, सम्मान से लहराए, हमारा तिरंगा हमें ऐसे एक जुट हो जाना है ।
हर भारतीय भारत के स्वाभिमान की खातिर, जान छिड़के, हमें कुछ ऐसा जीवन अतीत बनाना है ।।
सदा भारत माँ की पावन मिट्टी का मान बढ़े, वो कर्म हमें करते जाना है ।
पुनः हमारे भारतवर्ष को सोने की चिड़िया हमें बनाना है ।।

**डॉक्टर प्रिया पचौरी**
**वेटनरी कॉलेज जबलपुर (मध्यप्रदेश)**

## धूप है बहुत चलने का वादा तो करो



धूप है बहुत चलने का वादा तो करो।
भीड़ है निकल आने का इरादा तो करो।।
सो जाऊगा गहरी नींद पल दो पल।
सपनो में आने का,दावा तो करो।।
जमाना ऐसा ही है,ऐसा ही रहेगा।
थोड़ा मुस्कुराने में इजाफा तो करो।।
मजबूर नहीं करते,साथ चलने को।
पायल छनकाने का वादा तो करो।।
बेरंग,बेनूर जिंदगी क्यों जिए हम।
प्यार के रंगों का इजाफा तो करो।
संजीव हवाओं पर लिखते है,नाम।
न भूल पानें का झूठा इरादा तो करो।।

**संजीव ठाकुर अंतरराष्ट्रीय कवि चौबे कॉलोनी रायपुर,,9009415415**

## विरोध की राजनीति

न तो ये सामान्य दिन हैं और न ही सामान्य हालात। ऐसे में, कम-से-कम राजनेताओं से यह उम्मीद तो की ही जाती है कि वे वक्त की नजाकत को समझेंगे और सामान्य दिनों वाली राजनीति से बाज आएंगे। दुर्भाग्य से, पूरे देश में यही नहीं हो रहा। मार्च में लॉकडाउन के बाद भले ही कुछ दिन राजनीतिज्ञों ने अपने पिटारे बंद रखे हों, लेकिन अब ये पिटारे फिर पहले की तरह खुल गए हैं। बुधवार को दिल्ली के राजघाट पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने जो धरना दिया, वह इसी तरह की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। पंजाब सरकार ने इस संकल्प के साथ कमर कस ली है कि वह केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कृषि कानूनों का विरोध करने का कोई अवसर नहीं छोड़ेगी। पहले उसने इन केंद्रीय कानूनों को धता बताने वाले विधेयक तैयार किए और अब उन्हें कानून बनवाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली आकर राष्ट्रपति से मिलना चाहते थे कि उन्हें जल्द स्वीकृति दी जाए। राष्ट्रपति भवन ने इस तर्क के साथ उन्हें मिलने का समय नहीं दिया कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित ये विधेयक अभी राज्यपाल के ही पास हैं और उन तक नहीं पहुंचे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजघाट पर अपने विधायकों के साथ रिले धरना शुरू कर दिया। पंजाब विधानसभा में पारित किए गए ये विधेयक कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से अहम हैं, क्योंकि इसके बाद इसी तर्ज पर उसकी सरकारों ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी बढ़ना शुरू कर दिया है। पंजाब के इन विधेयकों के साथ अब जो सुलूक होगा, बाकी दोनों राज्यों की विधानसभाओं में पारित विधेयक भी उन्हीं अनुभवों से गुजरने को बाध्य होंगे।

## कलम



वो लिखती है जो मैं चुनती हूं
कुछ लम्हे कलम संग बुनती हूं
ये मेरी सासे मेरी कलम से है,
दोस्त है मेरी ये मुझे समझती है
कलम पर जोर नहीं किसी का भी
ये सिर्फ हालत को लिखती है।।
खुशी हो या गम हो
कलम तो कलम है वो कहा रूकती,
धूप - छांव इस जिंदगी की
कलम खूब समझती है ।।
हर लम्हा मेरा मेरी कलम
कागज़ पर बुनती है ,
मैं कहा हूं अकेली, कलम है
मेरी पक्की सहेली
ना थकती ना रूकती कभी
मेरी भावनाओं को समझती है।।
कुछ तो है कलम की तागत
जो चुपचाप काम करती है
तलवार जो ना कर सके
इसकी स्याही बार करती है।।
ना समझना कम कीमत का इसे
ये हर किसी को कहा मिलती है
राजनेताओं की किस्मत भी
रोज कलम ही बदलती है।।
भाव यह मेरा है मेरी कलम ही
मेरी शक्ति है , पहचान है कलम से
यह मेरे ह्रदय में बसती है।।
प्रतिभा दुबे की कलम से.........

**प्रतिभा दुबे अभिलाषी**
**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)**

# फ्री वैक्सीन का चुनावी वादा



आजकल राजनीति अपने नए-नए रंग दिखा रही है। चुनाव के समय वोट पाने के लिए हर पार्टी के नेता जनता को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं और जनता को ऐसे-ऐसे चुनावी वादों से प्रलोभित करने की कोशिश करते हैं जिनसे प्रभावित होकर जनता उन्हें ही सबसे अधिक वोट दे। आजकल इस चुनावी दौर में राजनीतिक पार्टियों में एक नई होड़ लगी है, जनता को मुफ्त वैक्सीन प्रदान करने के वादे की होड़। बिहार के आगामी चुनाव में भी कुछ ऐसा ही हो रहा है?। बिहार की जनता को मुफ्त में कोरोना वायरस की वैक्सीन उपलब्ध कराने का वादा प्रमुख राजनीतिक पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में किया गया है। तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की सरकारों ने भी अपने-अपने प्रदेश के लोगों को मुफ्त में कोरोना वायरस की वैक्सीन देने का ऐलान कर दिया है और अब लगता है कि आने वाले समय में सभी पार्टियों और नेताओं में ऐसा वादा करने की होड़ सी लग जाएगी। राजनीति के इस नए माहौल ने वोटों को वैक्सीन से जोड़ दिया है और वोटरों को मुफ्त में वैक्सीन दिए जाने के वादों को लेकर देश में एक नई बहस छिड़ गई है। समय-समय पर भारत की राजनीति में भारतीय वोटरों को लुभाने के लिए नए-नए नारे प्रचलित होते रहे हैं। वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा एक मशहूर नारा दिया गया था गरीबी हटाओ, यह नारा काफी मशहूर हुआ था, किंतु इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी गरीबी नहीं हटी। 70 के दशक में एक और नारा प्रचलित हुआ था रोटी,कपड़ा और मकान, यह नारा इतना मशहूर हुआ था कि इस पर एक फिल्म भी बनाई गई थी। 90 के दशक में एक और नारा आया बिजली,सड़क,पानी%। इसके बाद के दौर में लोन माफी, और मुफ्त में घरेलू सामान देने के चुनावी वादों की शुरुआत हुई। आजकल के इस कोरोनाकाल में लोगों के स्वास्थ्य का मुद्दा सबसे ऊपर है। इसलिए राजनीतिक पार्टियां भी अपने चुनावी वादों में इसे ही अहमियत दे रही हैं। इससे पहले देश के नेता मुफ्त में खाने का वादा, लोन माफी का वादा, साइकिल बांटने का वादा, लैपटॉप बांटने का वादा, मुफ्त में मिक्सी देने का वादा, मुफ्त में कलर टीवी देने का वादा, साड़ियां बांटने और मुफ्त में चावल बांटने का वादा करते रहे हैं। पर अब मुफ्त में कोरोना वैक्सीन बांटी जाएगी और इसी के आधार पर नए चुनावी दौर में वोट दिए जाएंगे। किंतु सच्चाई तो यह है कि रोटी, कपड़ा और मकान हो, सड़क, बिजली, पानी हो, या खतरनाक वायरस के खिलाफ वैक्सीन प्राप्त करना हो, ये सभी जनता के बुनियादी अधिकार हैं और ये उन्हें वैसे भी प्राप्त होने ही चाहिए। किंतु दशकों से राजनीतिक पार्टियां जनता के बुनियादी अधिकारों को चुनावी वादों का रूप देकर जनता को प्रलोभित और प्रभावित करने का प्रयत्न करती रही हैं। सच्चाई तो यह भी है कि किसी महामारी की वैक्सीन बनाना और उसे सफलतापूर्वक लोगों तक उपलब्ध कराना इतना आसान काम नहीं है, इसमें वर्षों लग जाते हैं। किसी बड़ी बीमारी की वैक्सीन के रिसर्च, उसके ट्रायल और उसे आम लोगों तक पहुंचाने में औसतन 10 वर्ष तक का समय लग सकता है, इतिहास इस बात का गवाह है। उदाहरण के तौर पर पोलियो की वैक्सीन तैयार होने में 47 वर्ष लग गए, चिकन पॉक्स की वैक्सीन बनने में 42 वर्ष लग गए, इबोला की वैक्सीन बनने में 43 वर्ष लग गए और हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन बनने में 13 वर्ष लग गए। एचआईवी एड्स के संक्रमण का पहला मामला वर्ष 1959 में आया था किंतु 61 वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका इलाज अभी तक संभव नहीं हो पाया है। लोगों के स्वास्थ्य और वैक्सीन को चुनावी मुद्दा बनाने की शुरुआत अमेरिका जैसे देशों में 80 के दशक में ही शुरू हो गई थी। वर्ष 1987 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने यह वादा किया था कि एड्स के खिलाफ वैक्सीन जल्द ही बना ली जाएगी। लेकिन 33 साल बीत जाने के बाद और एड्स से लगभग 77लाख लोगों की मृत्यु हो जाने के बाद भी इसकी वैक्सीन आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। 2020 के अमेरिकी चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक प्रत्याशी जो बिडेन ने भी ऐलान किया है कि यदि वह चुने गए तो देश के हर नागरिक को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन दी जाएगी। आज वैक्सीन नेशनलिज्म के नाम पर विभिन्न देशों के बड़े-बड़े नेता टीवी पर आकर वादा करते हैं कि कोरोना की वैक्सीन बस आने ही वाली है। बहरहाल अब लोगों के स्वास्थ्य का मुद्दा ही सबसे बड़ा राजनीतिक एजेंडा बन चुका है और यह एक अच्छी बात है कि नेताओं द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा रही है क्योंकि जब व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी वह जीवन की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हो पाएगा। इस बदलते दौर में अब चुनाव जाति-पाति पर आधारित न होकर स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण और नौकरियों पर आधारित होंगे।

**रंजना मिश्रा**
**कानपुर, उत्तर प्रदेश**

## चाय सा इश्क़ मेरा



चाय सा गर अपना इश्क़ हो जाए
संग अपने ये जग भी दीवाना हो जाए
प्यार हो जिस में निर्मल पानी सा
दूध हो जिस में पवित्रता की निशानी सा
चाय पत्ती से थोड़े जिस में झगड़े हों
अदरक सा तीखापन लिए कुछ नखरे हों
विश्वास की इलायची सी इस से महक हो जाए
कितना बेहतर हो गर चाय सा अपना इश्क़ हो जाए
इक - दूजे के साथ की आंच पर
मान -सम्मान की केतली में
चाय ये खौलती रहे
और मिठास प्यार की दिलों में घोलती रहे
और जब भी छाने हम ये चाय दो नैंनों के प्याले में
सारी कड़वाहट, गिले- शिकवे छन जाएं और ना आए इन प्याले में
गर्म ये चाय सदा रहे दोनों दिलों के आले में
चुस्कियाँ संग हम लेते रहें ताउम्र सुख -दुःख के माले में
कितना ही बेहतर हो गर ये हो जाए
इश्क़ अपना चाय सा हो जाए ।
रंगत चाय की गहरी हो
मुहब्बत सदा इसकी प्रहरी हो
न उबाल भर कर दिलों से निकल जाए
जब भी ग़मों के बादल छाएं
हमारी मुहब्बत की चाय दोनों को सकूं दिलाए
संग अपने ये जग भी दीवाना हो जाए
कितना बेहतर हो गर चाय सा अपना इश्क़ हो जाए।

**प्रवीण राणा वर्मा, अर्की, हि प्र।**

## दीपावली विशेषांक



शीर्षक्‌माां कुंकुम के पांव लिए÷
मां कुंकुम के पांव लिए
सबसे पहले उस घर जाना
जहां दीन-हीन अनुताप लिए
घुटनों में अपना शीश दिए
भूखे-प्यासे सकुचाए से
नयनों में दरश की आश लिए
उनकी झोली मां भर आना!!
उनमें नव जीवन भर आना!!!
मां कुंकुम के पांव लिए
उनके घर पर भी जाना
सीमा पर जिनके भरतार खड़े
उनका बल शौर्य सदैव बढ़े
ऐसी ललनाओं के माथे पर
सिंदूर सुहाग का दे आना!!
जीवन में खुशियां भर आना!!!
मां कुंकुम के पांव लिए
तुम उनके घर भी जाना
जो धन दौलत में रमे हुए
जिनके सिर गर्व से तने हुए
परहित के काम वो आ जाएं
उनको सद्भाव सिखा जाना
परहित के भाव जगा जाना!!!
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।।

**रश्मि मिश्रा रश्मि**
**भोपाल मध्यप्रदेश**

## आओ दिवाली मनाए



हर त्यौहार हमारे संघर्ष मय जीवन को खुशीयाँ और सुकून प्रदान करता है त्यौहारों में सबसे सुंदर और सजीला त्यौहार दिवाली है। नवरात्रि की धूम से तन मन को तरोताज़ा करके हर देशवासी भगवान श्री राम के स्वागत में जूट जाते है। तथा गणेश जी और माता महालक्ष्मी को पूजा अर्चना से रिझाने की तैयारियों में लग जाते है।
दीपावली से जुड़े अन्य पांच पर्व इसे पर्वों की श्रृंखला का रूप देता है। इसकी शुरुआत कार्तिक त्रियोदश के धनतेरस से होती है। उसके अगले दिन नरक चतुर्दशी अर्थात छोटी दिपावली तत्पश्चात लक्ष्मी पूजन ÷दीपावली÷ दिपावली की दूसरी सुबह गोवर्धन पूजा और अंत में यम द्वितीय या भाई दूज मनाते हैं।
हिन्दुओं के प्रमुख त्योहार में दीपावली सबसे बड़ा और प्रमुख त्योहार है। इस त्योहार का ध्यान आते ही मन-मयूर नाच उठता है। यह त्योहार दीपों का पर्व होने से हम सभी का मन आलोकित करता है। इस दिन भगवान श्री राम रावण को पराजित करके और अपना 14 साल का वनवास काटकर माता सीता तथा भाई लक्ष्मण सहित अयोध्या लौटे थे। श्री राम भगवान के आने की खुशी में अयोध्या के सभी लोगों ने घर-घर हर आँगन दिये जलाए थे। इस दिन अमावस्या की काली रात होने के बावजूद भी पूरा भारत रोशनी से जगमगाया हुआ होता है।
दीपावली का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है बल्कि इसका सामाजिक, आध्यात्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और आर्थिक महत्व भी है।
दीपावली% संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है दीप और आवली। 'दीप' अर्थात 'दीपक' और 'आवली' अर्थात 'श्रृंखला' जिसका अर्थ हुआ दीपकों की श्रृंखला या दीपों की पंक्तियाँ।
इसे दीपोत्सव भी कहते हैं। दीपक को स्कन्द पुराण में सूर्य के हिस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाला माना गया है। वैदिक प्रार्थना है - 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अंधकार से प्रकाश में ले जाने वाला और 'दीपावली' को भी रोशनी का उत्सव कहा जाता है।
हममें से कई लोग दीपावली के त्यौहार की साज-सज्जा, पटाखों और उत्सव मनाने में काफी अधिक मात्रा में धन व्यय करते हैं। अगर हम चाहे तो इन चीजों में कुछ कटौती करके या अपने पास से कुछ पैसे बचाकर कुछ गरीबों और जरूरतमंद लोगों की सहायता कर सकते है।
छोटे विक्रेताओं से सामान खरीदकर हम उनकी आजीविका बढ़ाने में मदद कर सकते हैं क्योंकि हमारी तरह इन्हें भी वर्ष भर इस त्यौहार का इंतजार होता है। ताकि वे अपने द्वारा की गई तैयार वस्तुओं को बाजार में बेच सकें।इलेक्ट्रिक झालरों की जगह दीपों का अधिक उपयोग करके हम हमारे देश के छोटे व्यापारियों और कुम्हारों को आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाकर देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में मदद कर सकते है। दीपावली का त्योहार सभी के जीवन को खुशी प्रदान करता है। आजकल सरकार द्वारा पटाखें जलाने पर बैन लगाया जाता है तो क्या ये सही है ? सोचनिय बाबत है समाज में और भी बहुत सी चीज़ें हर रोज़ प्रदूषण फैला रही है पहले उसे बंद करने पर ध्यान देना चाहिए त्यौहार की रोनक है पटाखें थोड़ी छूट देनी चाहिए। ये त्यौहार ही तो नया जीवन जीने का उत्साह प्रदान करता है। खुशीयाँ देता है तभी तो दिवाली को त्यौहार की रानी कहा जाता है। पर इस साल कोरोना कि महामारी के चलते हर त्यौहार की तरह दिवाली भी सोशल डिस्टन्स को ध्यान में रखकर मनानी होगी उसी में सबकी भलाई है।

## नज़र आता है



जिसको देखो वो दूध का धुला नजर आता है
दूर से हर शख्स शरीफ नजर आता है।।
एक ही चेहरे पे अनगिनत नकाब पहनता है
परखो तो असली चेहरा नजर आता है
खंजर छुपाने से कत्ल कहां छुपता है
यहां शागिर्द ही कातिल नजर आता है
वह उम्र भर रहा सफर पे साहिल
परिंदा भी अब थका हारा नज़र आता है
अब बरसातों का दौर कहां होता है
शहर का शहर बंजर नजर आता है।।
आईना तो टूट कर भी झूठ नहीं बोलता
हर शख्स क्यों झूठा नजर आता है।।

**कमल राठौर साहि**
**श्योपुर - मध्य प्रदेश**



## जल्द ही हॉलिवुड में नजर आएगें रितिक

फैमस ऐक्टर रितिक रोशन को हॉलिवुड फिल्म में काम करने का मौका मिला है। खबर है कि जल्द ही रितिक अपनी पहली हॉलिवुड फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि हॉलिवुड की इस ऐक्शन थ्रिलर फिल्म में रितिक रोशन एक जासूस का लीड रोल प्ले करेंगे। रितिक ने इसके लिए अपने ऑडिशन का टेप रिकॉर्ड कर स्टूडियो को भेज भी दिया है। हालांकि अभी रितिक का रोल कन्फर्म नहीं हुआ है लेकिन माना जा रहा है कि 'कृष 4' का काम खत्म कर वह जल्द ही अमेरिका जा सकते हैं। हालांकि, इससे पहले वह सुपरहिट ऐक्शन फिल्मों 'बैंग बैंग' और 'वॉर' में भी एक जासूस की भूमिका में दिख चुके हैं। इन दोनों ही फिल्मों में रितिक को काफी पसंद भी किया गया था। अब हॉलिवुड का स्टूडियो एक बार फिर जासूस के किरदार के लिए रितिक को साइन करता है या नहीं। बता दें कि इसी साल फरवरी में रितिक रोशन ने एक अमेरिकन टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी को हायर किया था। यह टैलेंट एजेंसी हॉलिवुड में रितिक रोशन का प्रमोशन करेगी। अब लगभग 8 महीने बाद उन्हें हॉलिवुड में काम का ऑफर मिला है।



## निधि की सेल्फी को मिले 5 लाख लाइक्स

ऐक्ट्रेस निधि अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर अपनी बाथरूम सेल्फी पोस्ट की है। इस तस्वीर को 5 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। इस सेल्फी मे वह शीशे का सामने ब्रालेट और पैंट्स पहने नजर आ रही हैं। निधि तेलुगु सिनेमा में पॉप्युलर नाम हैं और वह नए प्रॉजेक्ट के लिए तमिल सीख रही हैं। वह बीते छह महीने से ऑनलाइन क्लासेज ले रही हैं ताकि उनकी तमिल भाषा पर अच्छी कमांड हो सके। बता दें किनिधि ने टाइगर श्रॉफ के ऑपोजिट 'मुन्ना माइकल' से बॉलिवुड डेब्यू किया था। यह फिल्म 2017 में रिलीज हुई थी। इसके अलावा वह 'सव्यासाची', 'मिस्टर मजनूं' और 'आई स्मॉर्ट शंकर' जैसी तमिल फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।



## गणपत में नजर आएंगे टाइगर श्राफ


अभिनेता टाइगर श्रॉफ महमारी के बाद के समय की पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन फिल्म गणपत में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के टीजर मोशन पोस्टर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस पोस्टर को साझा करते हुए टाइगर ने लिखा कि यह मेरे लिए खास है और खासकर आपके लिए बेहद खास होने वाली है। पेश कर रहा हूं हैशटैगगणपत और भी एक्शन, रोमांच और मनोरंजन के लिए हो जाए तैयार। इस टीजर में टाइगर जब अपन डरता है ना तब अपन बहुत मारता है डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं। 'गणपत' इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म है, जिसके बारे में अभिनेता ने कहा कि अब तक मैंने जितनी भी फिल्में की हैं, यह मेरे लिए उन में से अलग है। बता दें कि एक्शन से भरपूर इस फिल्म को विकास बहल ने निर्देशित किया हैं। उन्होंने 'क्वीन' और 'सुपर 30' जैसी फिल्मों का भी निर्माण किया है। वहीं इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी हैं।



## वर्चुअल वर्ल्ड फलते-फूलते देखा बिग बी ने

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि उन्होंने कोरोनाकाल में वर्चुअल वर्ल्ड को फलते-फूलते देखा है। बिग बी ने करवाचौथ के संदर्भ में ब्लॉग लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा कि महामारी के समय में ही आभासी दुनिया का प्रचार-प्रसार हुआ है। प्रियजनों के दूर रहने के बावजूद महिलाएं दुल्हन की तरह से सज-धजकर पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद फेसटाइम की मदद से अपने चांद को देखकर अपना व्रत तोड़ रही हैं, लोग एक-दूसरे को खाना खिला रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि यह देश इस तरह की भावनाओं व संस्कृति से समृद्ध है। यहां हजारों साल पुरानी पंरपराएं आज भी जीवित हैं। ये जिस तरीके से बनाए गए हैं, जिस तरह से सालों साल चले आ रहे हैं, किस भक्ति में लोग आज भी इन्हें मना रहे हैं, इनका पालन कर रहे हैं और इनकी हमेशा रहने वाली उपस्थिति। लेकिन वक्त के साथ प्रेम, स्नेह को जाहिर करने का नया तरीका कई तरह के इमोजी हैं, हालांकि असली के जो भाव हैं, उनकी जगह ये कभी नहीं ले सकते हैं।

## टेलीविजन पर रिलीज होगी 'इट्स माय लाइफ'




अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधारित ड्रामा 'इट्स माई लाइफ' को टेलीविजन पर रिलीज किया जाएगा। इस बारे में बज्मी ने कहा कि जब भी मैं कोई स्क्रिप्ट देखता हूं खुद को दर्शकों की जगह रखकर देखता हूं कि यह मनोरंजक है या नहीं। हंसी, ड्रामा, रोमांस और एक शानदार स्टार कास्ट इसमें है या नहीं।

इस नजरिये से देखने के बाद मेरा दावा है कि 'इट्स माय लाइफ' एक परफेक्ट एंटरटेनमेंट पैकेज है। मुझे यकीन है कि इसकी टीवी रिलीज सबका मूड बना देगी। खास करके ऐसे समय के लिए तो यह परफेक्ट है। इस फिल्म को लेकर बोनी कपूर ने कहा कि फिल्म के जरिए हमने बिना किसी मिलावट के पारिवारिक समीकरणों और जटिलताओं को उजागर किया है। यह एक ऐसी बनी है जो मुझे समेत अधिकांश को पसंद है। टेलीविजन हमेशा दर्शकों के व्यापक समूह तक पहुंचने का एक शानदार तरीका रहा है और हमें खुशी है कि पहली बार अपनी फिल्म दर्शकों के साथ इस तरह साझा करने जा रहे हैं।

वहीं, संजय कपूर ने कहा कि जब मैंने लोकप्रिय तेलुगु फिल्म 'बोम्मारिलु' की हिंदी रीमेक बनाने की कल्पना की थी, तो मुझे विश्वास था कि यह फिल्म बॉलीवुड फिल्में पसंद करने वालों को भी पसंद आएगी। बता दें कि इस फिल्म में नाना पाटेकर, हरमन बावेजा और जेनेलिया डिसूजा हैं। यह फिल्म 2006 की तेलुगु हिट बोम्मारिलु की रीमेक है और इसके 29 नवंबर को छोटे परदे पर रिलीज होने की उम्मीद है। फिल्म में नाना पाटेकर ने पिता का किरदार निभाया है, जिसे तेलुगु में प्रकाश राज ने निभाया था। हरमन बावेजा ने मूल फिल्म में सिद्धार्थ द्वारा अभिनीत बेटे की भूमिका को निभाया है। इसे संगीत शंकर एहसान लॉय ने दिया है।

## 'बिच्छू का खेल' की स्टार-कास्ट विशेष गंगा आरती के लिए जल्द वाराणसी के लिए भरेगी उड़ान!

**लॉकडाउन को जीवन के लगभग हर क्षेत्र से हटाए जाने के साथ, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ने फिर से अपनी कमर कस ली है और न्यू नॉर्मल को अपनाने की कोशिश कर रही है। जबकि विभिन्न प्रोडक्शन हाउस ने फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है, वही इन प्रोजेक्ट्स की रिलीज से पहले होने वाली प्रोमोशनल एक्टिविटीज को भी सावधानीपूर्वक अंजाम दिया जा रहा है।**

ऐसे में, 'कंटेंट क्वीन' एकता कपूर ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज, बिच्छू का खेल के प्रमोशन को सिटी टूर के साथ शुरू करने का फैसला किया है। दिव्येंदु, अंशुल चौहान और जीशान क्वाड्री अभिनीत ऑल्ट बालाजी और जी5 क्लब की इस क्राइम थ्रिलर को दीवाली के बाद 18 नवंबर को रिलीज करने की योजना बनाई गई है और रिलीज से पहले, शो के निमार्ताओं ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक विशेष गंगा आरती का आयोजन किया है, जिसके साथ कोविड महामारी के बीच प्रोमोशनल सिटी टूर करने वाला यह पहला शो बन गया है। एक सूत्र ने साझा किया, चूंकि इस शो की अधिकतम शूटिंग वाराणसी में की गई है, ऐसे में, मेकर्स ने दशाश्वमेध घाट पर एक विशेष गंगा आरती का आयोजन करने का फैसला किया है। शो के निमार्ताओं ने सोचा कि शहर में एक विशेष आरती के साथ कार्यवाही को स्टार्ट करना उचित होगा। और इसलिए, उन्होंने आवश्यक परमिशन भी प्राप्त कर ली है और शो के कलाकारों सहित मुख्य नायक दिव्येंदु के साथ अंशुल चौहान और जीशान चतुरी के साथ उड़ान भरेंगे। इस इवेंट के दौरान सभी सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। दिव्येंदु, जो मिजार्पुर 2 की विनम्र सफलता के बाद वापसी कर रहे है, वे कहते हैं,




हमने बनारस में बिच्छू का खेल की शूटिंग के दौरान अच्छा समय बिताया है और मैं एक बार फिर इस पवित्र स्थान का दौरा करने के लिए उत्साहित हूं, इस बार विशेष रूप से गंगा आरती के लिए जिसका आयोजन शो की सफलता के लिए निमार्ताओं द्वारा किया गया है। उत्तर प्रदेश में स्थापित, कहानी अखिल (दिव्येंदु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लेखक है और पल्प फि क्शन का फैन है। ट्रेलर में, हम दिव्येंदु को एक खतरनाक गेम के मास्टरमाइंड के रूप में देखते हैं जहां वह अपने रास्ते में आने वालों को भ्रमित करने या मारने का प्रबंधन करता है। एक ऐसे मिशन पर तैनात जो बुरी दुनिया में जाने के लिए तैयार है, वहाँ हमने देखा कि अखिल अपने दुश्मनों को बिच्छू की तरह डंक मारकर खत्म कर देता है। वह एक जांच पुलिस अधिकारी को बेवकूफ बना रहा है, क्योंकि उसे यकीन है कि भ्रष्ट तंत्र के कारण वह आसानी से इस केस से बाहर निकल आएगा। दर्शकों को एक परफेक्ट दिवाली धमाका देते हुए, इस श्रृंखला में मुकुल चड्डा, गगन आनंद और राजेश शर्मा सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। इस महीने की 18 तारिख से ऑल्ट बालाजी और जी5 क्लब पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार, 'बिच्छू का खेल' एक क्राइम थ्रिलर है, जो एक नवोदित लेखक अखिल की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका जीवन ट्विस्ट से भरपूर रोलर-कोस्टर की सवारी से कम नहीं है!

## हनीमून मनाने दुबई गईं नेहा कक्कड़
### रोहनप्रीत के साथ शेयर किए वेकेशन के फोटो



सिंगर नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह शादी के तकरीबन 15 दिन बाद हनीमून मनाने दुबई गए हैं। दोनों ने मुंबई एयरपोर्ट से लेकर दुबई के होटल तक के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। नेहा ने मुंबई एयरपोर्ट पर कॉफी पीते हुए अपनी फोटो शेयर की थी। इसके बाद उन्होंने दुबई के पलाजो वसार्चे होटल का वो कमरा भी दिखाया जहां वो स्टे कर रही हैं। कमरे को फूलों से सजाया गया है।

4 नवंबर को दोनों ने शादी के बाद अपना पहला करवाचौथ धूमधाम से सेलिब्रेट किया था। नेहा ने फोटो शेयर की थी जिसमें वह रेड सूट में दिखाई दे रही थीं। वहीं रोहनप्रीत वाइट शेरवानी और शॉल में हैंडसम दिख रहे थे। नेहा-रोहनप्रीत की शादी 24 अक्टूबर को दिल्ली में हुई थी। शादी की रस्में जैसे हल्दी, मेहंदी और संगीत भी दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में हुई थीं जिसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे। दोनों ने परिवार और करीबी दोस्तों के बीच पंजाबी रीति-रिवाज से शादी की थी। शादी के बाद दो रिसेप्शन हुए थे। पहला रिसेप्शन रोहनप्रीत के घर पर चंडीगढ़ में हुआ था जबकि दूसरा रिसेप्शन मुंबई में रखा गया था।

### उभरते सिंगर हैं रोहनप्रीत

नेहा के सिंगिंग करियर की बात करें तो उन्होंने काला चश्मा, आंख मारे, दिलबर-दिलबर, आज ब्लू है पानी-पानी जैसे कई सुपरहिट गाने गाए हैं। वहीं, रोहनप्रीत उभरते हुए सिंगर हैं। वह म्यूजिकल रियलटी शो इंडियाज राइजिंग स्टार में हिस्सा ले चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने वेडिंग रियलटी शो मुझसे शादी करोगे में शहनाज गिल का हाथ मांगते देखा गया था।

## सारा के बाद इब्राहिम अली खान भी करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने अभी फिल्मों में एंट्री तो नहीं ली है, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग किसी सुपरस्टार से कम नहीं है। हालांकि वो फिल्मों में एंट्री लेंगे भी या नहीं इस पर अभी तक सवाल बना हुआ था। वहीं अब जाकर खुद सैफ ने अपने बेटे के डेब्यू को लेकर प्रतिक्रिया दी है। सारा अली खान काफी पहले ही इंडस्ट्री में एंट्री ले चुकी हैं। अब सैफ ने बताया है कि इब्राहिम के दादा जी मंसूर अली खान दिग्गज क्रिकेटर थे, ऐसे में उनके पास च्वाइस थी कि वो या तो क्रिकेटर बनें या फिर एक्टर। वहीं एक रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने एक्टिंग को चुना है। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि सैफ को इस पर कोई एतराज नहीं है। सैफ ने कहा- इब्राहिम एक्टिंग करियर के लिए तैयार मालूम होते हैं और क्यों नहीं? मैं अपने सभी बच्चों को इस प्रोफेशन में देखना पसंद करूगा। यहां पर काम करना बेस्ट है। उन्होंने कहा- मुझे याद है कि 17-18 की उम्र में मैं एक मेस था। एक्टिंग ने मुझे खुद को बर्बाद करने से बचाया था। एक जॉब होना, पहचान बनने की वजह से मुझमें जॉब सैटिस्फैक्शन आया और इसे इंजॉय करना मुझे वो सब भी दे गया, जो मैं चाहता था। सैफ की बेटी सारा पहले से ही एक्टिंग में हैं और अब एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन चुकी हैं। वहीं अब देखना होगा कि सैफ और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम एक्टिंग के क्षेत्र में कामयाब हो पाते हैं या नहीं। इब्राहिम सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ कभी मजेदार वीडियोज शेयर करते दिखते हैं तो कभी सारा के साथ वैकेशन की फोटोज शेयर करते नजर आते हैं।

## शेफाली ने 2020 में '400 मोस्ट इंफ्लुएंशल साउथ एशियन्स' की प्रतिष्ठित सूची में बनाई जगह

**इंडस्ट्री में दो दशक के लंबे सफर में, शेफाली शाह ने कई यादगार किरदारों को पर्दे पर उतारा है। उनका हालिया लोकप्रिय किरदार, दिल्ली क्राइम से वर्तिका चतुर्वेदी का है जिसने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2020 में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा श्रेणी में नामांकन प्राप्त किया है।**



दर्शकों से ले कर उनके प्रशंसकों ने एक अभिनेता के रूप में उनके अविश्वसनीय ग्राफ और विश्वसनीयता को देखा है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा और लोकप्रियता ने उन्हें 2020 में सबसे प्रभावशाली दक्षिण एशियाई लोगों की विशिष्ट सूची में जगह हासिल कारवाई है, जिसमें जाकिर हुसैन, एआर रहमान, सोनम निगम, शंकर महादेवन सहित उनके बिरादरी के कई अन्य उल्लेखनीय दिग्गज शामिल हैं।

एक लोकप्रिय ब्रिटिश पत्रकार और मनोरंजन उद्यमी, किरण राय ने हाल ही में न्यूयॉर्क प्रेस एजेंसी के साथ मिलकर वर्ष 2020 के लिए कला, संस्कृति और मीडिया में 400 सबसे प्रभावशाली दक्षिण एशियाई लोगों की एक सूची तैयार की है। और, अभिनेत्री-फिल्म निमार्ता शेफाली शाह ने भी इस सूची में अपनी जगह बना ली है। इस परियोजना में, राय ने एशिया के सबसे प्रभावशाली लोगों का इंटरव्यू लिया है जो 15 दिनों के अंतराल में क्रिकेटरों, टेलीविजन सितारों, डीजे, बॉलीवुड सितारों, मिशेलिन स्टार शेफ्स और अन्य लोगों का मिश्रण हैं। उन्होंने यह दिखाने के लिए दुनिया भर में इंटरव्यू और वीडियो जारी करने का फैसला किया कि लोकडाउन में क्वारन्टीन के दौरान भी सेलेब्रिटीज का जीवन कितना नार्मल है। शेफाली शाह ने साझा किया,इन प्रतिभाशाली लोगों की इस सूची का हिस्सा बन कर बहुत उत्साहित और रोमांचित हूं। प्रतिभाशाली अभिनेत्री-निर्देशक ने हाल ही में मुंबई में अपनी दूसरी शार्ट फिल्म 'हैप्पी बर्थडे मम्मीजी' की शूटिंग पूरी की है।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## न्यूज. ब्रीफ

### टायर फटने से बेकाबू कार खाई में गिरी, महिला सहित दो की मौके पर ही मौत

उन्नाव। उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह कार का टायर फटने से बेकाबू होकर 25 फिट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में महिला सहित दो की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को सीएचसी बांगरमऊ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि कार सवार पांच लोग दिल्ली से समस्तीपुर बिहार जा रहे थे। एक्सप्रेसवे के अंडर पास संख्या 255 पर ग्राम गौरिया कला के सामने टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पलटकर खाई में जा गिरी।

### ब्रिटेन की महारानी एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहली बार मास्क पहने दिखीं

लंदन। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय पिछले सप्ताह वेस्टमिंस्टर ऐबे में एक अज्ञात योद्धा की याद में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहली बार मास्क पहने नजर आईं। एलिजाबेथ (94) बीते कुछ महीनों में कई मौकों पर सार्वजनिक तौर पर दिखाई दी हैं, लेकिन अब तक उन्हें मास्क पहने नहीं देखा गया। उन्होंने मार्च के बाद लंदन में पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत के दौरान काले रंग का मास्क पहन रखा था, जिसकी किनारियों पर सफेद रंग पट्टी लगी हुई थी। कार्यक्रम की तस्वीरें आधिकारिक रूप से शनिवार देर रात जारी की गई। एलिजाबेथ प्रथम विश्व युद्ध में जान गंवाने वाले अज्ञात ब्रिटिश सैनिक की याद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शरीक हुई थीं, जिनके शव को उत्तरी फ्रांस से लाकर 11 नवंबर 1920 को वेस्टमिंस्टर ऐबे में दफन किया गया था।

### पाकिस्तान पुलिस ने अलकायदा के दो आतंकवादी ढेर किए

मुल्तान। आतंकियों की पनाहगाह पाकिस्तान भी अब इससे जूझ रहा है। पाक की आतंकवाद-निरोधक पुलिस ने कहा है कि उसने पूर्वी पंजाब प्रांत में रात भरे चले एक अभियान के दौरान अलकायदा की स्थानीय इकाई के दो आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने शनिवार को एक बयान में बताया कि इन आतंकवादियों की डेरा गाजी खान जिले में 'विध्वंसक गतिविधियां' करने की योजना थी। आतंकवाद- निरोधक पुलिस के अधिकारी इमरान असगर के अनुसार खुफिया सूचना के आधार पर रात में चोटी बाला इलाके में आतंकवादियों के ठिकाने पर अभियान चलाया गया। उसी बीच आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। असगर के मुताबिक दो अन्य आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये, पुलिस ने मौके से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए हैं। डेरा गाजी खान ऐसा जिला है जहां बलूचिस्तान तथा सिंध एवं पंजाब की सीमाएं मिलती हैं।

### भगवान राम और सीता ने रावण को हराया, ब्रिटेन कोरोना को हराएगाः जॉनसन

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने देश में रह रहे हिंदू समुदाय को दीपावली की बधाई देकर कहा है, कि जिस तरह से भगवान राम और माता सीता ने रावण को हराया था, वैसे ही हम लोग मिलकर कोरोना को मात देने वाले है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह आने वाले में समय में बड़ी चुनौती मुंह बाए खड़ी है और मुझे पूरा विश्वास है कि देश के लोग एकजुट होकर कोरोना को हराएंगे। जॉनसन ने आईग्लोबल दीपावली महोत्सव 2020' का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन कर कहा कि देश के लोग पूरी एकजुटता और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कोरोना का डटकर सामना करने वाले है। हम लोग साथ मिलकर इस महामारी को मात दें देंगे। ब्रितानी पीएम ने कहा कि जैसे दीपावली का त्योहार हमें यह शिक्षा देता है कि अंधकार पर प्रकाश की जीत होती है, अज्ञान पर ज्ञान की और बुराई पर अच्छाई की जीत होती है, उसी तरह से हम कोरोना पर विजय हासिल करेंगे।



# अब खतरे में है दुनिया की सबसे महंगी फसल केसर

- किसान खुश नहीं हैं क्योंकि कई सालों से केसर का उत्पादन लगातार घट रहा है

जम्मू ■ एजेंसी

जम्मू-कश्मीर का केसर पूरी दुनिया में जाना जाता है। कश्मीर में बड़ी मात्रा में केसर उगाया जाता है। यह दुनिया की सबसे महंगी फसल मानी जाती है। इतना ही नहीं कश्मीरी केसर को दुनिया में सबसे अच्छा केसर माना जाता है। यह कश्मीर में केसर की चुनाई का मौसम है, लेकिन किसान उत्पादन से खुश नहीं हैं क्योंकि यह कई सालों से लगातार घट रहा है। 2010 में कश्मीर में केसर की खेती के पुनरुद्धार के लिए केसर मिशन शुरू किया गया था, जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 411 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। परियोजना के तहत, केसर के खेतों में स्प्रिंकलर सिंचाई करने के लिए 126 बोरवेल खोदे जाने थे। शुरूआत में यह परियोजना पांच साल के लिए शुरू की गई थी, लेकिन जब जम्मू-कश्मीर सरकार 2015 की समय सीमा को पूरा करने में विफल रही तो केंद्र सरकार ने बाद में दो और वर्षों तक इसके विस्तार को मंजूरी दे दी। बाद में 2018 में इसे फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया। स्थानीय केसर उत्पादकों का कहना है कि पिछले 10 सालों से पंपोर में केसर उगाने वाले किसान स्प्रिंकलर वाली सिंचाई सुविधा के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने पिछले कई सालों से तमाम दिक्कतों का सामना कर रही केसर की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए इसे मुहैया कराने का वादा किया था। पुलवामा जिले के पंपोर तहसील में ही लगभग 3200 हेक्टेयर जमीन है, जिस पर केसर उगाया जाता है, जबकि केसर की खेती के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल भूमि 3,715 हेक्टेयर है।

केसर के उत्पादक मोहम्मद यूसुफ ने बताया कि सूखे जैसी परिस्थितियों और ग्लोबल वार्मिंग के मद्देनजर केसर के लिए स्प्रिंकल सिंचाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्प्रिंकल सिंचाई से किसानों को नई फसल सामान्य समय से 10 दिन पहले और अधिक मात्रा में मिल सकेगी। और इससे केसर के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। यूसुफ ने आगे कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने कुछ किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान की है, लेकिन इसमें बिजली की सुविधा नहीं है, जब हम पंपों के संचालन के लिए संबंधित लोगों से पूछते हैं, तो वे कहते हैं कि उनके पास पंपों के लिए कोई ईंधन नहीं है। मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि संबंधित अधिकारियों का कहना है कि केंद्र ने समय पर धनराशि जारी नहीं की है।

बिना बिजली के कमरे में रहते हुए पिता को हुआ पैरालिसिस, पुलिस कर रही जांच

# पंचायत के फरमान पर बेटे ने 5 साल तक मां-बाप को रखा कैद

बोकारो ■ एजेंसी



झारखंड के जिला बोकारो में जिस बेटे के अंतरजातीय विवाह का समर्थन बुजुर्ग दंपति ने किया, उसी बेटे ने पंचायत के फरमान के बाद उन्हें कमरे में बंद कर दिया। इतना ही नहीं बुजुर्ग दंपति को भरपेट खाना भी नहीं दिया जाता था। पांच साल से एक अंधेरे कमरे में जीवन काट रहे पिता को पैरालिसिस हो गया, जबकि मां भी जीवन के अंतिम क्षण गिन रही थी। इस बीच बेटी ने अपने मां-बाप की सुध ली और पुलिस की सहायता से दोनों को मुक्त कराया। बालीडीह थाना क्षेत्र निवासी शंभू महतो बोकारो स्टील प्लांट से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। शंभू महतो के चार बेटे और एक बेटी है। बताया गया है कि 2014 में शंभू महतो के छोटे बेटे अनु कुमार ने अंतरजातीय विवाह कर लिया। इस विवाह का समाज के लोगों ने विरोध किया। बालीडीह में एक पंचायत बुलाई गई। इस पंचायत में फरमान जारी किया गया कि अंतरजातीय विवाह करने वाले अनु कुमार के परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया जाये। जो भी इस परिवार से संबंध रखेगा, उसका भी सामाजिक बहिष्कार कर दिया जायेगा। पंचायत के इस फरमान के बाद बुजुर्ग दंपति के तीन बेटे सामाजिक बहिष्कार के डर से उनसे दूर हो गये। वहीं बुजुर्ग दंपति ने अपने छोटे बेटे अनु कुमार के साथ रहने का निर्णय कर लिया। बताया गया है कि कुछ दिन तक तो अनु कुमार ने उनकी अच्छी तरह देखभाल की, लेकिन बाद में पंचायत के दबाव में आकर उसने अपने बुजुर्ग मां-बाप को एक कमरे में बंद कर दिया। इस कमरे में बिजली का कनेक्शन भी नहीं था। इस बीच बुजुर्ग शंभू महतो को पैरालिसिस हो गया। वहीं वृद्ध मां की तबियत भी खराब रहने लगी थी। बुजुर्ग दंपति की बेटी को जब मां की याद आई, तो वह उनसे मिलने घर पहुंच गई। यहां पर अपने मां-बाप की ऐसी हालत देख उसने पुलिस की मदद ली। बालीडीह थाने के इंचार्ज विनोद कुमार के पास पहुंची बुजुर्ग दंपति की बेटी बीना कुमारी ने पूरा मामला बताया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग दंपति को कमरे से आजाद कराया। इस मामले में वृद्ध दंपति के बेटे अनु का कहना है कि उसके अपने माता-पिता का खूब ध्यान रखा, लेकिन लॉकडाउन में आर्थिक स्थिति खराब हो जाने की वजह से वो भी परेशान हो गया था। वहीं मुखिया पति हरीश महतो ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस मामले में गांव की मुखिया और उनकी कोई भी अहम भूमिका नहीं है। अंतरजातीय विवाह का विरोध समाज के द्वारा किया जा रहा था। पंचायत में पूरे समाज का ये फैसला था, उनका अकेले का नहीं। वहीं बालीडीह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है। इसमें सबसे ज्यादा गलती छोटे बेटे की है, जिसने अपने मां -बाप को घर में कैद करके रखा। यदि पंचायत का कोई दबाव था, तो उसे पुलिस से शिकायत करनी चाहिए थी।

फर्जी पायलटों का मामला

## यूरोप के बाद 188 देश लगा सकते हैं पाकिस्तान की उड़ानों पर रोक




इस्लामाबाद ■ एजेंसी

पाकिस्तान में पायलटों के फर्जी लाइसेंसिंग मामले को लेकर प्रतिक्रियाएं अब तेजी से सामने आने लगे हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए यूरोप के बाद अब 188 देश पाकिस्तान की उड़ानों पर रोक लगा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एयरलाइंस में पायलट लाइसेंसिंग मुद्दे पर 188 देशों के लिए उड़ान भरने और अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) द्वारा आवश्यक अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने में विफलता के कारण प्रतिबंध का सामना करना पड़ सकता है। फर्जी पायलट लाइसेंस घोटाले के कारण ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने पहले ही पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की उड़ानों पर 6 महीने तक प्रतिबंध लगा रखा है। पाकिस्तान में फर्जी पायलट लाइसेंस घोटाले का मामला उस वक्त सामने आया जब संघीय उड्डयन मंत्री गुलाम सरवर खान ने बताया कि पीआईए के 141 सहित 262 पायलटों ने फर्जी लाइसेंस बनाए थे। इस बीच, आईसीएओ ने अपने 179वें सत्र की 12वीं बैठक में अपने सदस्य राज्यों को महत्वपूर्ण सुरक्षा चिंताओं (एसएससी) को संबोधित करने के लिए एक तंत्र को मंजूरी दी। आईसीएओ ने सुरक्षा चिंताओं को लेकर पाकिस्तान सिविल एविएशन अथॉरिटी (पीसीएए) को एक गंभीर चेतावनी जारी की।

## महाराष्ट्र में दिवाली के बाद खुलेंगे मंदिर और धार्मिक स्थल, उद्धव ने दिए संकेत

- मंदिर के बाहर चप्पल-जूते उतारे जाएंगे, लेकिन मास्क हर हाल में पहनना अनिवार्य होगा

मुंबई ■ एजेंसी



महाराष्ट्र में जल्द ही मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थल खोले जा सकते हैं। हालांकि मंदिर के अंदर भी मास्क पहनना अनिवार्य होगा। महाराष्ट्र सीएम उद्धव ठाकरे ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि हमलोग जल्द ही मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों को खोलने पर विचार कर रहे हैं। बस दिवाली खत्म हो जाने दीजिए। उन्होंने कहा कि मंदिर या धार्मिक स्थलों के बाहर चप्पल, जूते भले ही उतारे जाएंगे, लेकिन मास्क हर हाल में पहनना अनिवार्य होगा। क्योंकि अगर एक भी कोरोना मरीज भीड़-भाड़ वाले इलाके में बिना मास्क घूमता है तो वो कम से कम 400 अन्य लोगों को संक्रमित कर सकता है। अभी दो दिनों पहले ही उद्धव सरकार ने दिवाली के लिए गाइडलाइन जारी की थी। उन्होंने जनता से इस बार कोरोना महामारी को देखते हुए दिवाली के पर्व को दूसरे त्यौहारों की तरह ही सादगी से मनाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि कोविड महामारी की वजह से अभी राज्य में मंदिर नहीं खोले जाएंगे। इसलिए जनता, दिवाली के मौके पर घर में ही पूजा करे। इसके साथ ही सार्वजनिक जगहों पर भीड़ न लगाएं, कम से कम बाहर निकलने और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने की हिदायत दी गई थी। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से दीपावली के मौके पर कम से कम पटाखे जलाने की अपील की है। गाइडलाइन में कहा गया है कि महाराष्ट्र और पूरा देश कोरोना महामारी के संकट से गुजर रहा है। इसलिए पटाखे फोड़कर पर्यावरण दूषित करने के बजाय संरक्षित करने पर ध्यान दें।

कुछ दिनों पहले बंद पड़े धार्मिक स्थलों को दोबारा खुलवाने को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक चिट्ठी लिखी थी।

## मुफलिसी में पाक, सऊदी ने वापस मांगा अपना 2 बिलियन डॉलर, इमरान चीन के आगे फैलाएंगे हाथ

इस्लामाबाद ■ एजेंसी



पाकिस्तान इन दिनों प्राचीन अर्थशास्त्री चर्वाक के कथन 'ऋणम कृत्वा घृतम पिवेत' यानि कर्ज लो और घी पीयो के अनुसार चल रहा है। इस बीच उसके सबसे बड़ा 'दाता' सऊदी अरब ने अपने दो बिलियन डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है। ऐसे में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान फिर से अपने सदाबहार दोस्त चीन के सामने नए कर्ज के लिए हाथ फैलाने की तैयारी में हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान चीन से कर्ज लेकर सऊदी को 2 बिलियन डॉलर (318 अरब पाकिस्तानी रुपये) का कर्ज दे सकता है। क्योंकि, वर्तमान में पाकिस्तान के कर्ज चुकाने वाले खजाने में केवल 1 बिलियन डॉलर की राशि ही बची है। पाकिस्तान के कश्मीर को लेकर किए गए बर्ताव से नाराज सऊदी अरब ने मई में ही अपने वित्तीय समर्थन को वापस ले लिया था। अक्टूबर 2018 में सऊदी अरब ने पाकिस्तान को 3 साल के लिए 6.2 बिलियन डॉलर का वित्तीय पैकेज देने का ऐलान किया था। इसमें 3 बिलियन डॉलर की नकद सहायता शामिल थी, जबकि बाकी के पैसों के एवज में पाकिस्तान को तेल और गैस की सप्लाई की जानी थी। इस समझौते के अनुसार, शुरूआत में सऊदी ने पाकिस्तान को नकदी और तेल की सुविधा केवल एक साल के लिए दिया था, लेकिन बाद के वर्षों में इसे बढ़ाकर तीन साल के लिए कर दिया गया। इस 3 बिलियन डॉलर की नकद सहायता के लिए पाकिस्तान को 3.3 फीसदी की दर से ब्याज की अदायगी भी करनी होगी। पाकिस्तान ने समय से चार महीने पहले एक अरब डॉलर का सऊदी अरब का ऋण चुका दिया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यदि पाकिस्तान को चीन से इसी तरह की सुविधा मिलती है तो वह दो अरब डॉलर का नकद ऋण भी लौटाने की स्थिति में होगा। ऐसे में अगर पाकिस्तान को किसी दूसरी जगह से लोन नहीं मिलता है तो चुकाने में मुश्किल आएगी। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का सार्वजनिक ऋण इस साल जून तक बढ़कर 37,500 अरब पाकिस्तानी रुपये या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 90 प्रतिशत हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान सिर्फ इस साल ही कर्ज चुकाने पर 2,800 अरब रुपये खर्च करेगा जो संघीय राजस्व बोर्ड के अनुमानित कर संग्रह

## ऑस्ट्रिया की सरकार ने दो मस्जिदें बंद की



विएना ■ एजेंसी

ऑस्ट्रिया की सरकार ने दो मस्जिदें बंद करने की घोषणा की है। इनमें से एक मस्जिद ऑस्ट्रिया के कानून के तहत पंजीकृत है जबकि दूसरी मस्जिद को एक इस्लामिक संगठन ऑपरेट करता है। ऑस्ट्रिया के मान्यता प्राप्त इस्लामिक संगठन मेलित इब्राहिम एसोसिएशन ने कहा है कि वो संबंधित अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। संगठन ने बयान जारी कर एक मस्जिद को बंद करने की जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि धार्मिक सिद्धांतों और संविधान का उल्लंघन करने के बाद मस्जिद को बंद किया जा रहा है। इस बीच विएना हमले के बाद गिरफ्तार किए गए 16 लोगों में से 6 को रिहा कर दिया गया है और बाकी को कस्टडी में लेकर जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, संदिग्ध बंदूकधारी के पास ऑस्ट्रिया-मैकडोनिया की दोहरी नागरिकता थी। इससे पहले, हमलावर ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट में शामिल होने की कोशिश भी की थी। ऑस्ट्रिया के गृहमंत्री कार्ल नेहमार ने मस्जिद बंद करने के आदेश को एक अहम कदम बताया।

## फ्रांस एंयरलाइन में मुस्लिम यात्री ने किया हंगामा अल्लाह-हू-अकबर कहते हुए कर दिया हमला

पेरिस ■ एजेंसी

फ्रांस एयरलाइन की एक फ्लाइट के प्रवेश द्वार पर तंग जगह में कथित तौर पर एक मुस्लिम यात्री द्वारा प्रार्थना करने की जिद पर हंगामा मच गया। एक फ्लाइट अटेंडेंट के मना करने पर मुस्लिम यात्री ने उस पर हमला कर दिया जिसके बाद पेरिस से ट्युनिशिया जाने वाले एयर फ्रांस के विमान को नाइस की तरफ आपात लैंडिंग के लिए मोड़ दिया गया। पायलट ने मुस्लिम शख्स के फ्लाइट स्टाफ पर हमले को स्क्रीन पर देखने के बाद तुरंत नाइस में आपातकालीन लैंडिंग का फैसला किया। घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिनमें में देखा जा सकता है कि मुस्लिम शख्स किस तरह कॉकपिट में प्रार्थना का ढोंग कर रहा और फिर अचानक स्टाफ पर हमला कर देता है। घटना के बाद तुरंत सिक्योरिटी स्टाफ शख्स को काबू करने की कोशिश करता है लेकिन वह शख्स अल्लाह हू अकबर चिल्लाने हुए सुरक्षा अधिकारियों पर भी हमला कर देता है। एक अन्य वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह वो शख्स हिंसक होकर विमान स्टाफ पर हमला कर रहा है।

आरक्षण की मांग — गुर्जर आंदोलनकारियों ने राज्य सरकार को दिया अल्टीमेटम

# मांगे नहीं मानी तो राजस्थान में आज से चक्का जाम

जयपुर ■ एजेंसी



राजस्थान में आरक्षण की मांग को लेकर गुर्जर समुदाय का आंदोलन पिछले कई दिन से लगातार जारी है। रेल की पटरियों पर डटे गुर्जर नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी है कि रविवार शाम तक अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो सोमवार से पूरे राजस्थान में रेल से लेकर सड़क तक हर जगह चक्का जाम कर देंगे। पूरे राजस्थान में चक्का जाम करने के लिए गुर्जर नेताओं ने रविवार को एक बैठक बुलाई है। जिसमें कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला चक्का जाम पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए उन्होंने हिंडौन से लेकर दौसा और सिकंदरा तक बैठक की हैं। जिसमें गुर्जर समाज के लोगों ने कहा कि अगर रविवार शाम तक सरकार की तरफ से कोई ठोस प्रस्ताव नहीं आया या फिर कोई वार्ता के लिए नहीं आया तो सोमवार से राजस्थान में चक्का जाम किया जाएगा। बैंसला ने कहा कि सरकार हमें आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रही है। हमारी छह मांगें हैं, अगर सरकार उन्हें मान लेती है, तो हम आंदोलन नहीं करना चाहते। उन्होंने रहा कि सरकार की दोहरी नीति से करीब 35 हजार गुर्जरों को नौकरी नहीं मिल पा रही है। उल्लेखनीय है कि बैंसला के बंद कमरों में पंच पटेलों के साथ शनिवार को दिनभर की मीटिंग की खबर जैसे ही फैली राजस्थान में कई जगहों पर गुर्जरों ने कई घंटों तक सड़क पर जाम लगाया। जिसकी वजह से लोग दिन भर परेशान होते रहे। बयाना और सवाई माधोपुर में 10 से 12 घंटे तक सड़क पर जाम रहा। माना जा रहा है कि बैंसला के उग्र रूप को देखते हुए सरकार वार्ता के लिए तैयार हो गई है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक बैंसला से बातचीत करने के लिए खेल मंत्री अशोक चांदना को सरकार दोबारा भेज सकती है। गुर्जर आंदोलन की वजह से भरतपुर, करौली और दौसा जिलों में आम जीवन बुरी तरह से प्रभावित है। गुर्जर आंदोलन की वजह से रेलवे ने कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने पड़े हैं। वहीं, कुछ गाड़ियों को रद्द किया गया है। राजस्थान रोडवेज की बसें बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा इंटरनेट सेवा बंद होने से भी जनजीवन प्रभावित हुआ है।

अमेरिकी फार्मा कंपनी फाइजर का दाव

## तीसरे चरण के ट्रायल में कोरोना वैक्सीन 90 फीसदी से ज्यादा प्रभावी

नई दिल्ली।/भावी साबित हुई है। कंपनियों ने सोमवार का इसकी घोषणा की। शुरुआत निष्कर्षों से पता चला है कि पहली बार डोज दिए जाने के 28 दिनों बाद और दूसरे बार दो खुराक दिए जाने के 7 दिन बाद मरीज को सुरक्षा प्राप्त हुई है।फाइजर के अध्यक्ष और सीईओ अल्बर्ट बोरला ने एक बयान में कहा कि हमारे तीसरे चरण के ट्रायल के पहले सेट में कुछ ऐसे सबूत मिलने है जिससे यह पता चलता है कि यह कोरोना वायरस को रोकने में प्रभावी है। दूसरी आस्ट्रेलिया की सीएसएल लिमिटेड कंपनी ने सोमवार को ऑक्सफोर्ड/एस्ट्राजेनेका यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस वैक्सीन का उत्पादन शुरू कर दिया है। सिडनी के 2जीबी रेडियो के अनुसार आज विक्टोरिया में वैक्सीन की तीन करोड़ खुराक के उत्पादन के दायरे में पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हुंट ने 2जीओ को कहा, वैक्सीन स्वेच्छा से लगाया जा रहा है, लेकिन हम अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे। हमें विश्वास है कि ऑस्ट्रेलियाई जनसंख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत अधिक वैक्सीन है

## अंतिम दो टेस्ट नहीं खेलेंगे विराट, राहुल को मिल सकता है मौका

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे में अंतिम दो टेस्ट मैच नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण यह है कि विराट जनवरी में पिता बनने वाले हैं। विराट के टीम से हटने से युवा लोकेश राहुल को भारतीय टीम के मध्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। विराट के इन दो टेस्ट मैचों से बाहर रहने को लेकर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार विराट 17 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश ले सकते हैं। बीसीसीआई का हमेशा से ही मानना है कि परिवार पहली प्राथमिकता है। इस मामले में अगर कप्तान पितृत्व अवकाश लेने का फैसला करते हैं, तो वह पहले दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। बीसीसीआई ने पिछले कई वर्षों से क्रिकेटरों को पितृत्व अवकाश लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। साथ ही कहा कि सामान्य स्थिति में वह बच्चे के जन्म के बाद वापस आ सकते थे, ऐसे में वह एक टेस्ट के लिए टीम से बाहर होते पर कोविड-19 के कारण 14 दिनों के पृथकवास के कारण उनके लिए फिर से टीम में वापसी करना संभव नहीं होगा। ऐसी स्थिति में राहुल को मध्यक्रम में मौका मिल सकता है।

आईपीएल 2020 : मंगलवार को खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

# हैदराबाद को 17 रन से हराकर पहली बार फाइनल में दिल्ली

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल के 13वें सीजन के दूसरे क्वालिफायर में दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 17 रन से हरा दिया। इसी के साथ दिल्ली पहली बार लीग के फाइनल में जगह बनाई है। जहां 10 नवंबर को उसका मुकाबला डिफेंडिंग चैम्पियन मुंबई से होगा। अबु धाबी में खेले गए मैच में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए दिल्ली ने हैदराबाद को 190 रन का टारगेट दिया था। जवाब में हैदराबाद 20 ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सकी। केन विलियम्सन ने लीग में अपनी 15वीं फिफ्टी लगाई। उन्होंने 67 रन की पारी खेली। अब्दुल समद ने 33 रन बनाए। दिल्ली के कगिसो रबाडा ने 4, मार्कस स्टोइनिस ने 3 और अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। केन विलियम्सन (67) ने आईपीएल में अपनी 15वीं फिफ्टी लगाई। स्टोइनिस ने उन्हें रबाडा के हाथों कैच आउट कराया। विलियम्सन नॉकआउट (प्ले-ऑफ) में 2 फिफ्टी लगाने वाले इस सीजन के पहले और ओवरऑल 6वें बल्लेबाज हैं। इससे पहले 2013 में ड्वेन स्मिथ, 2014 में सुरेश रैना, 2015 में लेंडल सिमन्स, 2016 में डेविड वॉर्नर और 2019 में शेन वॉटसन ने ये कारनामा किया था। दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान डेविड वॉर्नर, प्रियम गर्ग और मनीष पांडे शुरूआती 5 ओवर में ही चलते बने। वॉर्नर को 2 रन के निजी स्कोर पर कगिसो रबाडा ने आउट किया। इसके बाद प्रियम गर्ग (17) और मनीष पांडे (21) को मार्कस स्टोइनिस ने एक ही ओवर में आउट किया। दिल्ली ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 189 रन बनाए। शिखर धवन ने लीग में अपनी 41वीं फिफ्टी लगाई। यह लीग के प्ले-ऑफ मुकाबलों में उनका पहला 50+ स्कोर है। उन्होंने सबसे ज्यादा 78 रन की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर 42 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के लिए संदीप शर्मा, जेसन होल्डर और राशिद खान को 1-1 विकेट मिला।



### शिखर धवन सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले भारतीय बने

धवन ने आईपीएल में रिकॉर्ड सबसे ज्यादा 41 फिफ्टी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। धवन के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली भी लीग में 39 फिफ्टी लगा चुके हैं। सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड हैदराबाद के कप्तान डेविड वॉर्नर (48) के नाम है। वहीं, धवन के नाम सीजन में 2 शतक समेत 600 से ज्यादा रन हैं। पारी के तीसरे ओवर में जेसन होल्डर ने मार्कस स्टोइनिस का कैच छोड़ा। उस वक्त स्टोइनिस 3 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उसके बाद उन्होंने खुलकर बल्लेबाजी की। होल्डर के दूसरे ओवर में स्टाइनिस ने 3 चौकों और 2 छक्के समेत 18 रन जड़े। उन्होंने धवन के साथ मिलकर पावर-प्ले में 65 रन जोड़े।

### 86 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई

स्टोइनिस और धवन ने पहले विकेट के लिए 86 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। स्टोइनिस 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 5 चौके और एक छक्का लगाया। उन्हें राशिद खान ने शानदार बॉल पर बोल्ड किया।

## न्यूज. ब्रीफ

### पंड्या बंधुओं से मेरी हैं कई समानताएं

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज कायरन पोलार्ड ने कहा कि पंड्या बंधुओं हार्दिक और क्रुणाल के साथ उनका संबंध सांस्कृतिक सीमाओं से अलग है और उनमें कई समानताएं हैं। मुंबई इंडियन्स के छठी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में पहुंचने में इन तीनों ही खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही है। मुंबई इंडियन्स के ट्विटर हैंडल पर जारी इस वीडियो में इस खिलाड़ी ने कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं कि हमारे पास हार्दिक हैं और फिर एक उससे भी समझदार क्रुणाल हैं। हमारा मैदान से बाहर जो रिश्ता है वह हम क्रिकेट के मैदान में लेकर जाते हैं। इस ऑलराउंडर ने कहा, दूसरों की सहायता करने के मामले में हम उसी तरह की भावनाओं को साझा करते है, जैसे हम हैं। पोलार्ड के अनुसार आत्मविश्वास और खुद का समर्थन करने के मामले में वह और हार्दिक एक समान हैं। दोनों बड़े शॉट खास कर छक्के लगाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। मुंबई इंडियन्स के उपकप्तान कहा, पंड्या बंधु खुले दिमाग के हैं और अपनी बात को रखने के लिए जाने जाते हैं। हार्दिक जिस तरह से अपना समर्थन करते हैं और जैसा आत्मविश्वास दिखाते हैं वह मुझसे काफी मिलता-जुलता है।



### लॉकडाउन में किए अभ्यास को अमल किया

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि कोरोना वायरस के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान उन्होंने जो काम किया है उसे ही अब वह महिला टी20 चैलेंज मुकाबलों में अमल में ला रही हैं। ट्रेलब्लेजर्स की ओर से खेल रहीं दीप्ति ने सुपरनोवाज के खिलाफ नाबाद 43 रन की पारी खेली पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। दीप्ति ने कहा, लॉकडाउन के बाद मैंने लॉफ्टेड और इनसाइड आउट शॉट पर काफी काम किया और यहां मैं इन शॉट को खेलने में सफल रही। उन्होंने कहा, भारतीय पिचों की तुलना में यहां की पिचें अलग हैं। ये धीमी हैं और गेंद नीची रहती है पर मुझे नहीं लगता कि यह अधिक मायने रखता है। आपको गेंद को देखकर उसे हिट करना होता है। दीप्ति ने कहा कि ट्रेलब्लेजर्स की टीम कड़ी मेहनत करेगी और सुपरनोवाज के खिलाफ सोमवार को होने वाले फाइनल में लीग मैच की गलतियों को नहीं दोहरायेगी। दीप्ति ने कहा, कुल मिलाकर हमने अच्छा प्रदर्शन किया। जीतना और हारना खेल का हिस्सा है। वहीं तेज गेंदबाज शकीरा सेलमन ने कहा कि टूर्नामेंट का पहला मैच हारने के बाद भी फाइनल में जगह बनाकर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, फाइनल में पहुंचकर अच्छा लग रहा है।



### न्यूजीलैंड दौरे पर बाबर को बनाएं कप्तान

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि न्यूजीलैंड दौरे के लिए बाबर आजम को कप्तान बनाया जाना चाहिये। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 11 नवंबर को टीम का नया टेस्ट कप्तान घोषित करने जा रहा है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड में दो टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने हैं। अकरम ने कहा, एक पूर्व खिलाड़ी के रूप में आप मेरे से पूछोगे तो हां, मैं टेस्ट कप्तानी के लिए बाबर का समर्थन करता हूं क्योंकि वह हमारा भविष्य है और वह लंबे समय तक खेल सकता है। पीसीबी अगर उसे नियुक्त करता है तो यह पर्याप्त समय के लिए होना चाहिए जिससे कि कम से कम ये भ्रम नहीं हो कि ड्रेसिंग रूम का प्रभार किसके पास है। इस पूर्व ऑलराउंर ने कहा, मैं बाबर का समर्थन इसलिए कर रहा हूं क्योंकि मैं उन दिनों को दोबारा नहीं देखना चाहता जब मैं खेलता था और हमारे ड्रेसिंग रूम में चार या पांच कप्तान होते थे। वह हमारा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है और जो लोग यह कह रहे हैं कि उसे टेस्ट कप्तान बनाने से उसकी बल्लेबाजी प्रभावित होती तो इस पर भरोसा नहीं करें क्योंकि वह ब्लेबाज है और रन बनाना ही उसका काम है। अकरम ने पूछा, क्या विराट कोहली या केन विलियमसन कप्तान और शीर्ष बल्लेबाज नहीं हैं?



**स्केटिंग** चीन में आईएसयू फिगर स्केटिंग में भाग लेते हुए वांग।



## मिताली राज की टीम बाहर: स्मृति मंधाना की ट्रेलब्लेजर्स और हरमनप्रीत की टीम के बीच होगा खिताबी मुकाबला

दुबई ■ एजेंसी

वुमन्स टी-20 चैलेंज यानि महिलाओं के आईपीएल के तीसरे सीजन के तीसरे मैच में हरमनप्रीत कौर की सुपरनोवाज ने स्मृति मंधाना की ट्रेलब्लेजर्स को 2 रन से हरा दिया। जीत के साथ सुपरनोवाज ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। जहां 9 नवंबर को उसका मुकाबला ट्रेलब्लेजर्स से होगा। वहीं, मिताली राज की वेलोसिटी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। शारजाह में सुपरनोवाज ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 147 रन का टारगेट दिया था। जवाब में ट्रेलब्लेजर्स की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 144 रन ही बना पाई। दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 43 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान मंधाना ने 33 और हरलीन ने 27 रन बनाए। वहीं, सुपरनोवाज के लिए शकीरा सैल्मन और राधा यादव को 2-2 और अनुजा पाटिल को एक विकेट मिला। ट्रेलब्लेजर्स की शुरूआत अच्छी रही। डिंड्रा डॉटिन और कप्तान स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। इसके बाद डिंड्रा डॉटिन 27 रन बनाकर शकीरा सैल्मन की बॉल पर आउट हुईं। इसी ओवर में ऋचा घोष 4 रन बनाकर सैल्मन का दूसरा शिकार बनीं।

इससे पहले सुपरनोवाज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 146 रन बनाए। यह टूर्नामेंट में किसी भी टीम की ओर बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले पिछले साल सुपरनोवा ने ही वेलोसिटी के खिलाफ 3 विकेट पर 142 रन बनाए थे। चमारी अटापट्टू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए फिफ्टी लगाई। उन्होंने 48 बॉल पर 67 रन की पारी खेली।



### पावर-प्ले में 50 रन जोड़े

सुपरनोवाज को उसके ओपनर्स प्रिया पुनिया और चमारी अटापट्टू ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने ट्रेलब्लेजर्स के बॉलर्स को हावी नहीं होने दिया। दोनों ने खुलकर शॉट्स लगाए और पावर-प्ले में टीम के लिए 50 रन जोड़े। प्रिया और अटापट्टू के बीच पहले विकेट के लिए 89 रन की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को सलमा खातून ने तोड़ा। सलमा ने प्रिया को दीप्ति शर्मा के हाथों कैच कराया। प्रिया ने 37 बॉल पर 30 रन बनाए।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में फिर कमेंट्री करते नजर आएंगे मांजरेकर

**मुम्बई।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ऑस्ट्रेलिया दौरे से एक बार फिर से कमेंट्री करते नजर आयेंगे। मांजरेकर ने स्वयं इसकी पुष्टि की है। मांजरेकर ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होने वाली टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए उन्हें टीवी कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। मांजरेकर को पिछले साल विश्व कप के दौरान रवींद्र जडेजा को लेकर की गयी उनकी विवादास्पद टिप्पणी के बाद हटा दिया गया था। तब मांजरेकर ने कहा था कि उन्हें वो खिलाड़ी पसंद नहीं जो टूकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, जैसे कि एकदिवसीय में जडेजा कर रहे हैं। इसके बाद बीसीसीआई (बीसीसीआई) ने आईपीएल के 13 वें सत्र के लिए मांजरेकर को कमेंट्री पैनल में शामिल नहीं किया।

## पहले घोषित किए गए पैकेज की पूरी राशि खर्च की जाए: बिमल जालान

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर बिमल जालान ने कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यस्था में तेजी लाने के लिए एक और प्रोत्साहन पैकेज का विरोध किया है। जालान का कहना है कि नए पैकेज के मुकाबले सरकार की ओर से पहले घोषित किए गए प्रोत्साहन पैकेज की पूरी राशि खर्च करना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### सभी घोषणाओं को लागू किया जाए

दिए इंटरव्यू में बिमल जालान ने कहा," मैं सोचता हूं कि प्रोत्साहन पैकेज पहले से ही मौजूद है। आपको पहले की गई घोषणा के मुताबिक पूरा अमाउंट खर्च करने की आवश्यकता है। साथ ही अब तक आपने जो भी घोषणाएं की हैं, उनको लागू किया जाएगा। फिस्कल डेफिसिट के लक्ष्य को बढ़ाने से यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

**सरकार ने मई में घोषित किया था 20.97 लाख करोड़ का पैकेज:** केंद्र सरकार ने कोविड-19 के प्रतिकूल असर से निपटने के लिए 20.97 लाख करोड़ रुपए के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी। बिमल जालान ने कहा कि अगर आप पहले घोषित की गई सारी राशि को खर्च कर चुके हैं, तब ही आपको फिस्कल डेफिसिट बढ़ाना चाहिए।



### अब तक तीन बार प्रोत्साहित करने वाले उपायों की घोषणा

केंद्र सरकार अब तक तीन बार अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाले उपायों की घोषणा कर चुकी है। हाल ही में आर्थिक मामलों के सचिव तरुण बजाज ने कहा था कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कोरोना से प्रभावित अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए एक और प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा कर सकती हैं।

### माइक्रो इकोनॉमिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित

एक सवाल के जवाब में बिमल जालान ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण देश की मौजूदा माइक्रो इकोनॉमिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। लेकिन अब भारतीय अर्थव्यवस्था रिकवरी की राह पर चल पड़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2021 के अंत तक नौकरियों और ग्रोथ के नुकसान की भरपाई हो जाएगी। यदि कोविड-19 जैसा संकट दोबारा पैदा नहीं होता है तो अर्थव्यवस्था में निश्चित तौर पर सुधार होगा।

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने सरकार से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने आकस्मिक आवश्यकताओं को लेकर सुरक्षित कोष बनाने के लिए सरकार से एक हजार करोड़ रुपये की मदद की मांग की है। सरकारी क्षेत्र के आईओबी को लगातार तीन तिमाहियों से लाभ हुआ है। बैंक को चालू वित्त वर्ष में यह क्रम आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। बैंक को सितंबर तिमाही में 148 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है, जबकि साल भर पहले की समान अवधि में उसे 2,254 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बैंक का लाभ जून तिमाही के 121 करोड़ रुपये की तुलना में सितंबर तिमाही में 22.3 प्रतिशत बढ़ा है। आईओबी के प्रबंध निदेशक पीपी सेनगुप्ता ने कहा, हम क्रम के आगे भी जारी रहने की उम्मीद करते हैं। अब पीछे जाने का सवाल नहीं है।

## रेलवे इंजीनियरिंग कंपनी इरकॉन के 15 फीसदी शेयर बेचेगी केंद्र

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

सार्वजनिक क्षेत्र की रेलवे इंजीनियरिंग कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लि. में शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। फिलहाल इरकॉन इंटरनेशनल लि. में सरकार की हिस्सेदारी 89.18 प्रतिशत है। एक अधिकारी ने बताया, ह्यहम बाजार परिस्थितियों को देखते हुए दिसंबर तक इरकॉन का ओएफएस लाने की योजना बना रहे हैं। इसके जरिये कंपनी की 10 से 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची जाएगी ह्व रेलवे इंजीनियरिंग कंपनी इरकॉन 2018 में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई थी।

कंपनी ने उस समय आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 467 करोड़ रुपये जुटाए थे। बीएसई में शुक्रवार को इरकॉन का शेयर 77.95 रुपये पर बंद हुआ। मौजूदा बाजार मूल्य के हिसाब से सरकार इरकॉन में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 540 करोड़ रुपये जुटा सकती है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 2.10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। सरकार का इरादा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) में हिस्सेदारी बिक्री से 1.20 लाख करोड़ रुपये तथा वित्तीय संस्थानों में हिस्सेदारी बिक्री से 90,000 करोड़ रुपये जुटाने का है। बता दें कि इस वित्तीय वर्ष में, सीपीएसई में अल्पसंख्यक हिस्सेदारी बेचकर 6,138 करोड़ रुपये जुटाई जा चुकी है क्योंकि कोविड-19 महामारी के चलते भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) जैसी बड़ी कंपनियों में विनिवेश में देरी हुई है इसके अलावा सरकार शेयरों की बिक्री के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्प लिमिटेड (आईआरसीटीसी) और रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया में भी है।



### प्रमुख बंदरगाहों की माल ढुलाई अप्रैल-अक्टूबर में 12.43 प्रतिशत घटकर 35.48 करोड़ टन पर

कोरोना वायरस महामारी के बीच देश के प्रमुख बंदरगाहों की माल ढुलाई (माल चढ़ाना व उतारना) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के दौरान 12.43 प्रतिशत घटकर 35.48 करोड़ टन रह गई। भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली है। देश में केंद्र के नियंत्रण वाले 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (पूर्ववर्ती कांडला), मुंबई, जेएनपीटी, मोमुर्गाव, न्यू मंगलूर, कामराजार (पूर्व में एन्नोर) कोचीन, चेन्नई, वी ओ चिदंबरनार, विशाखापत्नम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) शामिल हैं। कुल माल ढुलाई में इन 12 प्रमुख बंदरगाहों का हिस्सा करीब 61 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष में इन बंदरगाहों ने 70.5 करोड़ टन माल की ढुलाई की अक्टूबर में लगातार सातवें महीने इन बंदरगाहों पर माल ढुलाई घटी है। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में इन 12 प्रमुख बंदरगाहों की माल ढुलाई 40.52 करोड़ टन रही थी। आईपीए ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में इन बंदरगाहों की माल ढुलाई 12.43 प्रतिशत घटकर 35.48 करोड़ टन रही है। हालांकि चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह में मोमुर्गाव बंदरगाह की ढुलाई 16.47 प्रतिशत बढ़कर 1.01 करोड़ टन पर पहुंच गई। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान कामराजार बंदरगाह की ढुलाई 30.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.25 करोड़ टन रह गई। वहीं चेन्नई, कोचिन और मुंबई बंदरगाहों की ढुलाई में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई। जेएनपीटी और कोलकाता बंदरगाहों की ढुलाई में क्रमश: 18 और 14 प्रतिशत की गिरावट आई।

**शेयर बाजार** इस हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 2279 अंक ऊपर 41,893 पर पहुंच गया है

# चुनाव के कारण अमेरिकी शेयर बाजारों में 120 साल का रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में देरी होने और रुझानों में जो बाइडन का आगे रहने से ग्लोबल मार्केट में शानदार तेजी देखने को मिली है। इसी दौरान वॉल स्ट्रीट में बढ़त के सौ सालों से भी अधिक समय का रिकॉर्ड भी टूट गया। दूसरी ओर इमर्जिंग मार्केट में भी शानदार रिकवरी देखने को मिली।

भारत के बाजारों में भी तेजी लगातार जारी है। बीएसई का मार्केट कैप पहली बार रिकॉर्ड 163 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बनेंगे। उनके पास 279 इलेक्टोरल वोट हो चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के लिए 270 का आंकड़ा चाहिए।

इससे पहले चुनावी नतीजे साफ न होने और जो बाइडन का रुझानों में आगे रहने के कारण वैश्विक बाजारों में शानदार तेजी देखने को मिली। अमेरिका में चुनाव के बाद वॉल स्ट्रीट में रिकॉर्ड बढ़त देखने को मिला। एसएंडपी 500 इंडेक्स कारोबार सत्र के दौरान 3.3% ऊपर पहुंच गया था, जो पिछले सात महीनों में कारोबारी दिन का उच्चतम स्तर है। बढ़त का यह आंकड़ा 90 साल में सबसे अधिक है।



### 932 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद ऐसी बढ़त देखने को मिली

1932 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद पहले कारोबारी इंडेक्स में ऐसी बढ़त देखने को मिली थी। इंडेक्स की इस बढ़त को फाइनेंशियल कंपनियों के शेयरों ने लीड किया। इसी दौरान डाउ जोंस इंडेक्स भी 2.7 प्रतिशत या 737 अंक ऊपर 28,217 के स्तर पर पहुंच गया था। इलेक्शन के बाद पहले दिन की यह बढ़त 120 सालों में सबसे अधिक है, जो साल 1900 के बाद पहली बार देखने को मिली। जबकि डाउ जोंस इंडेक्स इतिहास 124 साल पहले का है। नैस्डैक इंडेक्स में भी बुधवार को 4.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ था।

### शुक्रवार को बाजार फ्लैट रहा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 1971 के बाद राष्ट्रपति चुनाव के बाद पहले कारोबारी दिन में यह सबसे अधिक बढ़त रही। 49 साल बाद इस बढ़त को टेक शेयरों ने सहारा दिया था। इसमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, फेसबुक और गूगल के शेयर शामिल हैं, जिन्होंने औसतन 5% बढ़त हासिल की थी। 2016 में राष्ट्रपति चुनाव के बाद अमेरिकी बाजारों में पहले कारोबारी दिन के दौरान भारी बिकवाली देखने को मिली थी। क्योंकि, डोनाल्ड ट्रम्प ने सभी रुझानों को गलत साबित करते हुए जीत हासिल की थी। वहीं, शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में तीनों इंडेक्स फ्लैट बंद हुए थे। हालांकि, दो दिनों में डाउ जोंस 496 अंकों की बढ़त के साथ शुक्रवार को डाउ जोंस 28,323.40 अंकों पर बंद हुआ, जो बुधवार को 27,847.70 पर बंद हुआ था। नैस्डैक इंडेक्स भी 314 अंकों की बढ़त देखने को मिली और शुक्रवार को इंडेक्स 12,091.30 पर बंद हुआ। इसी दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 66 अंकों की बढ़त के साथ 3,509.44 पर बंद हुआ, जो बुधवार को 3,443.44 पर बंद हुआ था।

### फायनल रिहर्सल हुई, सभी तैयारियाँ पूर्ण

# संभाग आयुक्त, आईजी, कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

**ग्वालियर।** मतगणना की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से एमएलबी कॉलेज में जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना होगी। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने सोमवार को मतगणना कक्ष एवं सम्पूर्ण मतगणना परिसर का जायजा लिया। साथ ही मतगणना व्यवस्था के प्रभारी श्री शिवम वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्री किशोर कान्याल भी इस अवसर पर मौजूद थे।

मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। बगैर प्रवेश पत्र के किसी को भी मतगणना परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के प्रवेश द्वार पर हर व्यक्ति की बारीकी से जाँच की जायेगी। सोमवार को तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के गणना कक्षों में मतगणना की फायनल रिहर्सल हुई। सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स ने गणना पर्यवेक्षक व गणना सहायकों को विस्तारपूर्वक मतगणना की बारीकियाँ समझाईं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक 10 नवम्बर को प्रातः 8 बजे मतों की गिनती शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि सबसे पहले डाक मत पत्रों एवं सेवा मतदाताओं द्वारा भेजे गए मतों की गिनती शुरू



होगी। इसके आधा घंटे बाद ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) के वोटों की गिनती शुरू की जायेगी। दोनों प्रकार के मतों की गिनती समानान्तर रूप से जारी रह सकेगी। हर गणना टेबल पर एक - एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस प्रकार एक टेबल पर तीन अधिकारी तैनात किए जायेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर सीधे निर्वाचन प्रेक्षक को अपनी रिपोर्ट देंगे। जिले के हर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14 टेबलों पर मतगणना होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो - दो कक्षों में मतगणना की जायेगी। ईवीएम के मतों की गिनती करने के लिये प्रत्येक कक्ष में 7 - 7 टेबल लगाई गई हैं।

**मोबाइल फोन, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू इत्यादि प्रतिबंधित रहेंगे**-मतगणना परिसर में मोबाइल फोन, बीड़ी, सिगरेट, माचिस, तम्बाकू व खाद्य पदार्थ प्रतिबंधित रहेंगे। दोनों प्रवेश द्वारों पर व्यक्तिशः इसकी सघन जाँच की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि गणना के दिन उक्त सामग्री कदापि लेकर न आएं। उन्होंने कहा मतगणना परिसर में गहन जाँच और प्रवेश पत्र देखने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।

**एमएलबी कॉलेज में होगी मतगणना**-जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर,



विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-डबरा (अजा) के मतों की गिनती एमएलबी कॉलेज परिसर में स्थित ए-ब्लॉक के प्रथम तल पर होगी।

**मतगणना परिसर में प्रवेश व्यवस्था-**

-मतगणना में लगे हुए शासकीय अधिकारी व कर्मचारीगण अचलेश्वर मंदिर के गेट की ओर से मतगणना परिसर में प्रवेश करेंगे। इसी गेट से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-डबरा (अजा) के प्रत्याशी एवं उनके गणना अभिकर्ता प्रवेश कर सकेंगे।

-एमएलबी कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार यानि कटोराताल के बगल में स्थित प्रवेश द्वार से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर व 16-ग्वालियर पूर्व के प्रत्याशी एवं गणना अभिकर्ताओं को प्रवेश दिया जायेगा।

-मतगणना भवन व परिसर में मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा कैंची, ब्लेड, गुटका पाउच, पान, बीड़ी, सिगरेट, माचिस, लाईटर, खाद्य व पेय सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। मतगणना स्थल पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र साथ में रखना आवश्यक होगा। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

**पार्किंग व्यवस्था**--मतगणना में लगे शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा मीडिया प्रतिनिधिगण अपना प्रवेश पत्र दिखाकर वाहन की पार्किंग जीवायएमसी मैदान, उत्सव वाटिका, परिणय वाटिका एवं आशीर्वाद वाटिका में कर सकेंगे। शीतला सहाय चौराहे की तरफ से आने वाले शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा मतगणना अभिकर्ता अपने वाहन पद्माराजे ट्रस्ट के मैदान पर पार्क कर सकेंगे।

-विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15 एवं 16 के प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ता अपने वाहन सुविधा अनुसार पार्किंग स्थलों पर पार्क कर पैदल एमएलबी कॉलेज में प्रवेश कर सकेंगे। थीम रोड़ एवं सनातन धर्म मंदिर तक के मार्ग पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा मतगणना दिवस 10 नवम्बर को मतणना कर्मियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के एमएलबी कॉलेज में प्रवेश करने के बाद अचलेश्वर चौराहे से लेकर शीतला सहाय चौराहा (थीम रोड़) तथा अचलेश्वर चौराहे से सनातन धर्म मंदिर तक का मार्ग आवागमन के लिये पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लोगों को समूह में खड़े होने एवं भीड़ एकत्रित करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

## मतगणना स्थल पर सभी तैयारियाँ पूर्ण, आज होगी मतगणना

**शिवपुरी।** जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों करैरा और पोहरी विधानसभा के लिए 3 नवंबर को डाले गए मतों की गिनती 10 नवंबर को की जाएगी। शासकीय पीजी कॉलेज में मतगणना संपन्न होगी, जिसके लिए सभी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा कर ली गयी हैं। मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि हर गणना टेबल पर एक-एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस प्रकार एक टेबल पर तीन अधिकारी तैनात किए जायेंगे। हर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की गिनती दो-दो कक्षों में होगी। हर कक्ष में सात-सात टेबल लगाई जायेंगीं। इस प्रकार एक राउण्ड में 14 टेबलों पर मतगणना होगी। डाक मत पत्रों की गिनती के लिये डाक मत पत्रों की संख्या के आधार पर अलग से टेबल लगाई गयीं हैं। मतगणना का काम पूरी पारदर्शिता एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किया जाएगा। प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं को भी कंट्रोल यूनिट की डिस्प्ले दिखाकर डाले गए मतों की जानकारी दी जाएगी।कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर फाइनल तैयारी देखी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री वर्मा, अपर कलेक्टर आरएस बालोदिया, अपर कलेक्टर राजेश ओगरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित नोडल अधिकारी एवं थे। पहले डाक मत पत्रों की गिनती शुरू होगी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक 10 नवम्बर को प्रातरू 8 बजे डाक मत पत्रों की गिनती शुरू होगी। इसके आधा घंटे बाद ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू की जायेगी। दोनों प्रकार के मतों की गिनती समानान्तर रूप से जारी रह सकेगी। केवल उन्हीं डाक मत पत्रों की गिनती होगी जो मतगणना शुरू होने से पहले अर्थात 10 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से पूर्व प्राप्त हो जायेंगे।

## जिले में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए निरतर प्रयास जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अतंर्गत श्योपुर जिलें में संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किये जा रहे है। साथ ही संक्रमित मरीजो को कोरोना से निजात दिलाने के निरंतर प्रयास जारी है। सीएमएचओ डॉ. बीएल यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की दिशा में राज्य/अन्य राज्यों से आये 17313 यात्रियो की स्क्रीनिंग कार्य मेडीकल टीम द्वारा समय-समय पर कराने की सुविधा दी गई है। जिसमें विदेश भ्रमण से आये 64 व्यक्तियों को स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की गई। इसी प्रकार विदेश से आये इतने ही व्यक्तियों को होम कोरेनटाईन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही उनका होमकोरेनटाइन का पीरियड भी पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा विदेश से आये 02 यात्री जिले मे वापिस नही लौटे है। इसी प्रकार जिले में होम कोरेनटाईन किये गये 17550 व्यक्तियों में से 17550 को घर भेजा जा चुका है। इसके अलावा 27676 व्यक्तियों के सेम्पल लिये जा चुके है। साथ ही 1123 कोरोना वायरस सेम्पल रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई थी। इसी प्रकार कोरोना वायरस सेम्पल में 26087 व्यक्तियों की जानकारी नेगेटिव पाई गई है। सीएमएचओ श्योपुर द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार 188 व्यक्तियों की सेम्पल रिपोर्ट प्राप्त नही हुई है। इसके अलावा 256 कोरोना वायरस सेम्पल पैथोलॉजी द्वारा रिजेक्ट कर दिये गये है। कोरोना संक्रमण से 10 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। साथ ही कोरोना संक्रमित 1037 व्यक्ति ठीक होने के बाद अपने घर पहुंच गये है। इसके अलावा कुल सर्वे कॉटेन्टमेंट एरिया 237 घोषित किये गये थे।

## पॉजिटिव 06 मरीजों के घर क्षेत्र में कॉटेन्टमेंट एरिया घोषित

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्वत ने मप्र पब्लिक हेल्थ एक्ट 1949 की धारा 71 (1) एवं 71 (2) में निहित शक्तियो का प्रयोग करते हुए श्योपुर के 06 मरीजों के घर क्षेत्र में कॉटेन्टमेंट एरिया घोषित कर दिये है। एसडीएम श्री रूपेश उपाध्याय द्वारा जारी आदेश के अनुसार काटेन्टमेंट एरिया के अंतर्गत श्योपुर के मरीज श्री मुकेश पुत्र श्री रामेश जाटव निवासी वार्ड 08 श्योपुर के घर क्षेत्र में ऐपीसेंटर के पूर्व में मंदिर से दीवान जी के मकान तक एश्चिम में रामदयाल के मकान से मुनिया के मकान तक, मरीज श्रीमती कृष्णा पत्नी श्री गजानंद माहौर निवासी वार्ड 20 मछली मार्केट श्योपुर के घर क्षेत्र में ऐपीसेंटर के पश्चिम में मांगीलाल के मकान से पूर्व में गीता के मकान तक दक्षिण में पप्पू के मकान से मोहनलाल के मकान तक, मरीज श्रीमती गीता पत्नी श्री रामनारायण आर्य निवासी कलेक्ट्रेट के पीछे बगवाज के घर क्षेत्र में ऐपीसेंटर के पश्चिम में मनोज शर्मा के मकान से पूर्व में प्रीतम आदिवासी के मकान तक एवं दक्षिण में गीता आर्य के मकान के सामने खाली मैदान तक, मरीज श्री धर्मेन्द पुत्र श्री जगदीश शर्मा निवासी पुलिस लाईन श्योपुर के घर क्षेत्र में ऐपीसेंटर के पूर्व में नवल मीणा के मकान तक एवं पश्चिम में जितेन्द्र शर्मा जी के मकान से सविता जी के मकान तक एवं मरीज भावना, शिवानी पुत्रियां श्री गजानंद निवासी वार्ड 09 मधुवन कॉलोनी श्योपुर के घर क्षेत्र में ऐपीसेंटर के पूर्व में भैरू के मकान से पश्चिम में शर्मा जी के मकान तक एवं दक्षिण में अनिता के मकान से बैरागी जी के मकान तक कॉटेन्टमेंट एरिया घोषित किया गया है।

कुमारी प्रियांशी दुबे पुत्री राजा दुबे को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभमनाएँ
निवेदकः पुष्पांजली टुडे समूह



HAPPY BIRTHDAY

अवदेश सिंह तोमर (छोटू भैया)
युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष को पुष्पांजली टुडे समूह की ओर से जन्म दिन की बहुत-बहुत बधाई और
शुभमनाएँ



HAPPY BIRTHDAY

म. प्र. विकलांग बल श्योपुर की और से
जिला योग प्रमुख, योग शिक्षक दिनेश साहू को 45 वें जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभमनाएँ



HAPPY BIRTHDAY

### मतगणना रूझान एवं परिणामों का शहर के 3 स्थलों में किया जाएगा प्रसारण ''विधानसभा उपनिर्वाचन-2020''

**शिवपुरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र पोहरी एवं करैरा की मतगणना की अद्यतन जानकारी का टीवी के माध्यम से आमजनों के समक्ष प्रदर्शन करने हेतु शहर के तीन स्थलों में प्रसारण की व्यवस्था के आदेश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र करैरा और पोहरी के उपनिर्वाचन की मतगणना 10 नवम्बर को मतगणना केंद्र शासकीय पीजी कॉलेज शिवपुरी में की जाएगी। मतगणना की अद्यतन जानकारी का प्रदर्शन माधव चौक, फिजीकल चौराहा और पोहरी बस स्टैंड पर किया जाएगा।

TOMAR ASSOCIATES
शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये
नवरात्री के अवसर पर
विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध
ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युवत पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध है।
500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट
नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।
नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी।
कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक
पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.
मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.
मुद्रक : भारत प्रिंटर्स, गिर्राज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
निःशुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश प्रशवनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA
प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478